इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण
" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2021-23

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शिव बोरवेल्स
एण्ड प्रापर्टी डीलिंग
नंदई चौक, राजनांदगांव
98271-56852
94241-15737
(हेमन्त साहू)
पानी जांच एवं ब्लास्टिंग की सुविधा उपलब्ध


हरि ओम
प्रॉपटी डीलर व कंट्रक्शन
मकान लेना - देना, जमीन बेचना, मकान किराए पे दिलाना, जमीन डायवर्सन, मकान का नक्शा पास करवाना, बैंक से फायनेंस करवाना, बिजली मीटर लगाना, मकान से संबंधित कार्य हेतु संपर्क करें

ओम प्रकाश देवानी
ऑफिस : बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो. 9301745655

वर्ष- 41 | अंक - 158 | राजनांदगांव, गुरूवार 27 अप्रैल 2023 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# दंतेवाड़ा में नक्सली हमला : आईईडी ब्लास्ट में 3 हेड कांस्टेबल सहित 10 जवान शहीद

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में बुधवार दोपहर को नक्सली हमले में 10 जवान शहीद हो गए। वहीं एक नागरिक भी मारा गया है। सभी जवान डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) के हैं। नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जवान सर्चिंग के लिए निकले थे। इसी दौरान नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इसकी चपेट में जवानों का वाहन भी गया। इसमें 10 जवान शहीद हो गए। दूसरी ओर गृहमंत्री अमित शाह ने भी नक्सली हमले को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बात की है। उन्होंने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है।

### ऑपरेशन के बाद लौट रहे थे जवान

जानकारी के मुताबिक, माओवादी कैडर की मौजूदगी की सूचना पर दंतेवाड़ा से डीआरजी जवानों को रवाना किया गया था। इसके बाद सभी जवान वहां से लौट रहे थे। इसी दौरान घात लगाए नक्सलियों ने अरनपुर मार्ग पर पालनार में ब्लास्ट कर दिया। बताया जा रहा है कि जवान एक प्राइवेट वाहन से निकले थे। हमले में एक नागरिक की भी मौत हुई है। हमले के बाद जवानों की ओर से भी जवाबी कार्रवाई की गई। इसमें कुछ नक्सली भी घायल हुए हैं। मौके पर फोर्स पहुंच गई है। वारदात की पुष्टि आईजी सुंदरराज पी. ने की है।

### ये जवान हुए शहीद

हेड कॉन्सटेबल जोगा सोढी, मुन्ना राम कड़ती, संतोष तामो, नव आरक्षक दुल्गो मण्डावी, लखमू मरकाम, जोगा कवासी, हरिराम मण्डावी, गोपनीय सैनिक राजू राम करटम, जयराम पोड़ियाम और जगदीश कवासी शहीद हुए हैं। इनके साथ ही प्राइवेट वाहन के चालक धनीराम यादव की भी मौत हो गई है।

### घटना के बाद मौके पर पहुंची फोर्स

बताया जा रहा है कि वाहन में 25 से 30 जवान सवार थे। घायल जवानों को जिला अस्पताल लाने के लिए चार एंबुलेंस को घटना स्थल के लिए रवाना किया गया है। घटना के बाद आसपास के एरिया में सर्चिंग तेज कर दी गई है। एसपी भी मौके पर पहुंच गए हैं।



### नक्सलियों की चल रही टीसीओसी

बस्तर में नक्सलियों ने इस समय टीसीओसी (टैक्टिकल काउंटर अफेंसिव कैंपेन) चला रखी है। इस दौरान नक्सली अक्सर बड़े हमले करते हैं। इसके चलते फोर्स पहले से ही अलर्ट मोड पर है। इसी के तहत जवानों की भी सर्चिंग लगातार जारी है। पिछले सप्ताह बीजापुर कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी के काफिले पर नक्सलियों ने हमला किया था। वह साप्ताहिक बाजार में नुक्कड़ सभा कर लौट रहे थे। इसके तीन दिन बाद नक्सलियों ने प्रेस नोट जारी कर टीसीओसी चलाए जाने की बात कही थी। हालांकि विधायक को निशाना बनाने की बात से इनकार किया था।

### दो साल पहले 22 जवान हुए थे शहीद

इससे पहले साल 2021 में अप्रैल माह में ही नक्सलियों ने सबसे बड़ हमला बीजापुर के तर्रेम क्षेत्र के टेकलगुड़ा में किया था। उस समय नक्सलियों ने बीजीएल (बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) से हमला किया था। इसमें 22 जवान शहीद हुए थे और 35 से ज्यादा घायल हुए थे। नक्सली हमले के साथ ही जवानों से हथियार भी लूटकर ले गए थे। इसी दौरान नक्सलियों ने सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के जवान राकेश्वर सिंह मन्हास का अपहरण किया था। हालांकि बाद में उसे रिहा कर दिया था।

### प्रधानमंत्री मोदी ने शहीद परिवारों के लिए प्रकट की संवेदनाएं

दंतेवाड़ा नक्सली हमले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। साथ ही उन्होंने शहीद जवानों के परिवारों के लिए भी संवेदनाएं प्रकट की। प्रधानमंत्री ने कहा कि, दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़ पुलिस पर हुए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हम हमले में शहीद हुए बहादुर जवानों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। शोक संतृप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा - नक्सलियों से लड़ाई अंतिम दौर में

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वारदात की पुष्टि करते हुए शोक जताया है। उन्होंने कहा है कि, इस प्रकार की जानकारी है और यह दुखद है। जो जवान शहीद हुए हैं उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। यह लड़ाई अंतिम दौर में चल रही है और नक्सलियों को किसी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। हम योजनाबद्ध तरीके से नक्सलवाद को खत्म करेंगे।

### पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने बताई कायराना हरकत

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने भी हमले को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि, दंतेवाड़ा के अरनपुर में पुलिस वाहन पर हमला करके नक्सलियों ने कायरता दिखाई है, इस हमले में शहीद हुए हमारे डीआरजी के 10 वीर जवान और 1 ड्राइवर की शहादत को नमन करते हुए मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्माओं शांति प्रदान करें।

# सुप्रीम कोर्ट में महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में दिल्ली पुलिस बोली-एफआईआर से पहले प्रारंभिक जांच की जरूरत



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने बुधवार (26 अप्रैल) को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ सात महिला पहलवानों की ओर से लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों पर प्राथमिकी दर्ज करने से पहले प्रारंभिक जांच की जरूरत है. चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की पीठ को दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि अगर सुप्रीम कोर्ट को लगता है कि सीधे प्राथमिकी दर्ज की जानी है तो ऐसा किया जा सकता है.

### जनरल तुषार मेहता ने क्या मांग की?

तुषार मेहता ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या प्रतीत होता है कि प्राथमिकी दर्ज किए जाने से पहले प्रारंभिक जांच किए जाने की जरूरत है. मेहता ने कहा कि ऐसी धारणा कायम न होने दें कि अदालत के कहने के बावजूद प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई. पीठ ने मेहता की दलीलों का संज्ञान लिया है. इसके साथ कहा कि दिल्ली पुलिस 28 अप्रैल को पहलवानों की याचिका पर सुनवाई के दौरान प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर अपने विचार रख सकती है. आपको बता दें कि शीर्ष अदालत ने सात महिला पहलवानों की याचिका पर मंगलवार को दिल्ली पुलिस और अन्य को नोटिस जारी किया था. न्यायालय ने महिला पहलवानों द्वारा लगाये गये यौन उत्पीड़न के आरोपों को गंभीर बताते हुए कहा था कि इस पर उसे (न्यायालय) को विचार करने की जरूरत है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# राहुल गांधी के बाद तेजस्वी यादव पर दर्ज हुआ मामला, गुजरातियों को बताया ठग



अहमदाबाद। बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा कथित तौर पर 'गुजरातियों' को लेकर की गई एक टिप्पणी पर बुधवार को यहां की एक अदालत में आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज कराई गई है। तेजस्वी ने कहा था कि 'मौजूदा समय में केवल गुजराती ठग हो सकते हैं'। अपर मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट डीजे परमार की अदालत में सामाजिक कार्यकर्ता और कारोबारी हरेश मेहता (63) ने भारतीय दंड संहिता की धारा-499 और 500 (आपराधिक मानहानि से जुड़ी) के तहत राष्ट्रीय जनता दल (आरएलडी) नेता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मेहता के वकील पीआर पटेल ने कहा कि हमने सबूत के तौर पर बयान की पेनड्राइव जमा की है और यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। अदालत ने शिकायत स्वीकार कर ली है और एक मई को इसे सत्यापित करेगी। मेहता ने यह शिकायत 21 मार्च को 33 वर्षीय यादव द्वारा दिए गए बयान के आधार पर दर्ज कराई है। यादव ने कथित तौर पर कहा था कि मौजूदा स्थिति में केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं और उनकी धोखाधड़ी (अपराध) को माफ कर दिया जाएगा। अगर वे एलआईसी (भारतीय जीवन बीमा निगम) या बैंकों का पैसा लेकर भाग जाएंगे तो कौन जिम्मेदार होगा? शिकायत में कहा गया है कि मीडिया के समक्ष दिए गए बयान में पूरे गुजराती समुदाय को 'ठग' कहा गया है, जो सभी गुजरातियों की सार्वजनिक रूप से मानहानि करता है और उन्हें अपमानित करता है।

# आतंकवाद में शामिल पड़ोसी के साथ जुड़ना बेहद मुश्किल : जयशंकर



नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि भारत के लिए ऐसे पड़ोसी से जुड़ना बेहद मुश्किल है, जो देश के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद में संलिप्त हो। जयशंकर की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब हाल ही में पाकिस्तान ने इस बात की पुष्टि की है कि उसके विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी अगले महीने गोवा में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की अहम बैठक में शामिल होने के लिए भारत आएंगे। जयशंकर ने यहां पनामा की विदेश मंत्री जनैना तेवाने मेंकोमो के साथ एक संयुक्त वार्ता में सोमवार को कहा, हम दोनों एससीओ के सदस्य हैं। इसलिए, हम आमतौर पर बैठकों में भाग लेते हैं। हम इस साल (एससीओ) के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आवास नवीनीकरण पर 45 करोड़ खर्च, भाजपा ने साधा केजरीवाल पर निशाना



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के नवीनीकरण पर 45 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए। पार्टी ने आरोप लगाया कि इतनी बड़ी राशि आप संस्थापक के वैचारिक 'परिवर्तन' की ओर इशारा करती है क्योंकि राजनीति में आने से पहले वह ईमानदारी को बढ़ावा देने की बात करते थे।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता को 'महाराजा' करार दिया और कहा 'यहां तक कि राजा भी केजरीवाल को उनके आवास में 'बेहतर' उत्पादों के चयन और 'विलासिता और आराम की लालसा' के लिए नमन करेंगे।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केजरीवाल ने खबर को उजागर नहीं करने के लिए मीडिया घरानों को 20 करोड़ रुपये से 50 करोड़ रुपये की पेशकश की, लेकिन समाचार चैनलों और समाचार पत्रों ने इस पेशकश को नजरअंदाज कर दिया। पात्रा ने संवाददाताओं से कहा कि आवास के लिए खरीदे गए आठ नए पर्दों में से एक की कीमत 7.94 लाख रुपये से अधिक है, जबकि सबसे सस्ता पर्दा 3.57 लाख रुपये का है। दस्तावेजों का हवाला देते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि 1.15 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मार्बल वियतनाम से लाए गए थे, जबकि चार करोड़ रुपये पूर्व निर्मित लकड़ी की दीवारों पर खर्च किए गए थे। उन्होंने दिल्ली विधानसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर केजरीवाल के हालिया हमले के स्पष्ट जवाब में कहा कि यह एक ऐसे राजा की कहानी है जो 'बेशर्म' है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह केवल आवास के नवीनीकरण के बारे में नहीं है, बल्कि आम आदमी पार्टी की विचारधारा और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20 भारत 2023 INDIA

तिमाही रिटर्न मासिक भुगतान योजना (क्यू.आर.एम.पी)

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान 5 करोड़ रू. तक के सकल वार्षिक टर्नओवर वाले छोटे उद्यमों के लिए व्यापार सरल बनाने की दिशा में कदम

क्यू.आर.एम.पी योजना का लाभ उठाने के इच्छुक पात्र करदाता जीएसटी पोर्टल (www.gst.gov.in) पर निम्न प्रक्रिया द्वारा इस योजना का विकल्प चुन सकते हैं:

करदाता इंटरफेस पर लॉग इन करें → Services>Returns>Opt-in for quarterly return पर जाएं

वर्तमान में क्यू.आर.एम.पी योजना का लाभ उठा रहे करदाताओं को योजना के लिए पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है

लाभ
- ☑ तिमाही में सिर्फ एक बार जी.एस.टी. स्टेटमेंट/रिटर्न फॉर्म, जी.एस.टी.आर.–1 और फॉर्म जी.एस.टी.आर.–3 बी में फाइल करें
- ☑ तिमाही के पहले दो महीनों में फिक्स्ड सम विधि (पहले से भरा हुआ चालान) अथवा स्वयं–मूल्यांकन विधि (ITC को सम्मिलित करके वास्तविक करदेयता) द्वारा मासिक कर का सरलतापूर्वक भुगतान करने की सुविधा
- ☑ योजना को अपनाना/छोड़ना सरल
- ☑ फ्लेक्सिबल इनवॉयस दाखिल करने की सुविधा का लाभ उठाएं
- ☑ हर तिमाही में एक बार ITC और कर का स्वयं–मूल्यांकन

क्यू.आर.एम.पी योजना के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया स्कैन करें

अधिक जानकारी वे लिए कृपया अधिसूचना सं. 81 से 85/2020–केंद्रीय कर और परिपत्र सं. 143/13/2020-जीएसटी दिनांक 10.11.2020 को देखें

वित्तीय वर्ष 2023–24 की पहली तिमाही से क्यू.आर.एम.पी योजना का विकल्प चुनने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल, 2023 है

पात्र पंजीकृत व्यक्ति किसी तिमाही के लिए योजना का विकल्प, उसकी पिछली तिमाही के दूसरे महीने के पहले दिन से लेकर तिमाही के पहले महीने के अंतिम दिन तक चुन सकता है

जीएसटी रिटर्न दाखिल करना: तीव्र, आसान और सरलीकृत

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड
@cbic_india @cbicindia @cbicindia @CBIC INDIA @cbic www.cbic.gov.in

cbc 15502/13/0002/2324

## पहला कॉलम...

### राजनांदगांव से केदारनाथ की यात्रा पर साइकिल से निकले टिकेश्वर चंद्राकर



छुईखदान (दावा)। नगर के युवा टिकेश्वर चंद्राकर साइकिल से केदारनाथ उत्तराखंड की यात्रा पर निकले हैं। यात्रा के दौरान विभिन्न जगहों पर उनका स्वागत किया गया जिसमें विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश अग्निहोत्री, अरुण गुप्ता, संतोष टूरहाटे के मार्गदर्शन में जीवनदान सेवा संस्था के सक्रिय सदस्य किशोर साहू एवं उनकी टीम ने ठेलकाडीह में, छुईखदान में जय जगन्नाथ सेवा समिति के द्वारा एवं ग्राम खैरानवापारा नर्मदा में जीवनदान सेवा संस्था के सक्रिय सदस्य गोरेलाल जंघेल एवं उनकी टीम के द्वारा भव्य स्वागत किया गया एवं इस यात्रा के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जीवनदान सेवा संस्था के सदस्य गोरेलाल जंघेल, सरपंच शारदा जंघेल, भूपेंद्र जंघेल, चूवाराम साहू, ललित निषाद, किशुन जंघेल, सुबेराम निषाद, पूलेंद्र जंघेल, नरेंद्र जंघेल, कृष्णा वर्मा, दिनेश जंघेल, युवराज कश्यप, रामखेलावन, राजू वैष्णव, ऋषभ सिन्हा, बसंत सिन्हा उपस्थित रहे।

### मेधावी छात्र सम्मान समारोह के प्रभारी नियुक्त हुए झूलेंद्र वर्मा



राजनांदगांव (दावा)। छात्र युवा मंच परिवार विगत 5 वर्षो से मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर रही है इसी कड़ी में इस वर्ष भी 10 वीं 12 वीं बोर्ड परीक्षा में सफल होने वाले विधार्थियो का सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर रही है जिसमें प्रत्येक स्कूल में कक्षा अनुसार प्रथम एवं द्वितीय आने वाले दो विधार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी संगठन के प्रदेश महामंत्री झूलेंद्र वर्मा को सौंपी गई है। संगठन के प्रदेश महामंत्री और और इस कार्यक्रम के प्रभारी झुलेंद्र वर्मा ने बताया कि मेधावी विद्यार्थियों को छात्र युवा मंच संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जायेगा।

### आज भगवान चित्रगुप्त का अवतरण दिवस

राजनांदगांव(दावा)। कायस्थ समाज के आराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज जी का अवतरण दिवस कल गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समाज के वरिष्ठ संरक्षक श्रीकृष्णा श्रीवास्तव (गुरूजी) ने बताया कि गंगा सप्तमी के दिन कायस्थ कुल के आराध्य देव श्री चित्रगुप्त महाराज जी का अवतरण हुआ था। अतः प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी स्थानीय जमात पारा स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में अवतरण दिवस को हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर सर्वप्रथम संध्याकाल मैं महाआरती होगी तत्पश्चात कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी चित्रांशजनों को भोग एवं महा प्रसादी वितरण किया जाएगा।

### गोपाल दास साहू का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। ग्राम चारभाठा के 95 वर्षीय सेवानिवृत्त प्रधानपाठक गोपाल दास साहू का निधन 24 अप्रैल दिन सोमवार हो गया. वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे. वे ग्राम चारभाठा के शिक्षक योगेंद्र साहू के दादा थे.

## बिजली की आंख मिचौली से लोगों की बढ़ी परेशानी



राजनांदगांव(दावा)। भीषण गर्मी के माहौल में बिजली विभाग ने मेटनेंस के नाम पर घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित कर लोगों को रूलाने का काम शुरू कर दिया है। ऐसा नहीं है कि बिजली विभाग दिन में एकाध बार ही बिजली गुल कर रहा है। दिन में दसियों बार विद्युत आपूर्ति बंद कर इस गर्मी के माहौल में वह लोगों की परीक्षा ले रहा है। बिजली विभाग को यह नहीं मालूम कि उसकी इस तरह की हरकत से किस तरह जनाक्रोश बढ़ रहा है, जो कभी भी लावा के रूप में फूट सकता है। हल्की बूंदा-बंदी व हवा-तूफान में बिजली आपूर्ति बंद कर दिया जाना व विद्युत विभाग द्वारा घंटों आंख-मिचौली का खेल खेलना लोगों को रास नहीं आ रहा। इस तरह रोजाना के दसियों बार बिजली गुल से परेशान लोग कभी भी बिजली दफ्तर में धावा बोल सकते है। इससे अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकती है।

**भीषण गर्मी में घंटों बिजली गुल से बढ़ रहा जनाक्रोश... बिजली कटौती की त्रासदी झेलनी हो गई नियति**

#### दसियों बार हो रहा बिजली गुल

बता दे कि लखोली नाका क्षेत्र के अलावा श्रमिक बहुल क्षेत्र लखोली संजय नगर, सेठीनगर, राहुल नगर, जनता कालोनी, विकास नगर, बइगा पारा, राजीव नगर, संतोष नगर क्षेत्र में रोजाना दसियों बार बिजली बंद होने की शिकायत है। एक बार बिजली बंद होने पर कभी जल्दी आ जाती है तो कभी घंटों देर बाद लाइन आता है। इस बीच लोगों को गर्मी में उबलना पड़ता है। मंगलवार को मेंटनेस के चलते तीन से चार घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप्प रही। रामाधीन मार्ग के अलावा बल्देव बाग क्षेत्र व पट्टी पार में बिजली बंद रहा। बिजली बंद होने से जहां लोग गर्मी से उबलने की मजबूरी हो जाती है। वही दूसरी ओर बैंक अस्पताल से लेकर दफ्तरों व दुकानों में काम-काज पर असर पड़ रहा है। जिससे विद्युत मंडल के प्रति नाराजगी सामने आ रही है। भीषण गर्मी से बचने लोगों को पंखे, कूलर, एसी का सहारा लेना पड़ रहा है। ऐसे हालात में बिजली गुल हो जाने से लोगों का आक्रोश बढ़ते जा रहा है। जो कभी भी विस्फोटक रूप में फूट सकता है।

#### झेलनी पड़ेगी बिजली कटौती की त्रासदी

बता दे कि विद्युत विभाग वालों ने भीषण गर्मी में मेंटनेस का काम चालू किया है। गत 19 अप्रैल से चालू मेंटनेस का काम 3 मई तक चलेगा। इस दौरान ट्रांसफार्मर एवं खंभों के आसपास वृक्षों की टहनियों की कटाई-छटाई जम्पर सहित अन्य उपकरणों की जांच की जा रही है। जारी मेंटनेंस कार्य के चलते उसे 4 घंटे तक बिजली बंद की जा रही है। इस दौरान बल्देव बाग के 11 के.व्ही. रेल्वे फीडर के उपकरणों की मरम्मत की गई जिसके कारण बल्देव बाग सहित रेल्वे पटरी पार क्षेत्र में तीन घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहा। रामाधीन मार्ग स्थित एक ट्रांसफार्मर से डीओ के उड़ जाने से कई घंटों तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। सूचना उपरांत विलम्ब से टीम के पहुंचने के बाद डीओ सुधारा गया, तब लोगों को बिजली आने से राहत मिली।

## छत्तीसगढ़ के डिफेंडो खिलाड़ियों ने 23 मैडल जीतकर विनर ट्राफी पर जमाया कब्जा



**एनपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय खेल पर लहराया परचम**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव में ऐतिहासिक तौर पर खेल जगत में प्रारंभ से ही ऊँचा नाम रहा है। इसी तारतम्यता में पेण्ड्री स्थित नगर की शैक्षणिक संस्था नीरज पब्लिक स्कूल, क्रीड़ा विभाग के अनुभवी खेल प्रशिक्षक निसार अब्बास के विशेष मार्गदर्शन में 14 विद्यार्थियों ने मेडल जीतकर अपने शानदार प्रदर्शन के बदौलत जुनियर व सब-जुनियर मनाली में दिनांक 21 अप्रेल से 23 अप्रेल 2023 तक खेले गए ' डिफेन्डो (मार्शल आर्ट) राष्ट्रीय चैंम्पियनशिप - 2023' प्रतियोगिता में विजयश्री प्राप्त कर छत्तीसगढ़ ही नही वरन् संस्कारधानी को गौरव दिलाया है। विजेता प्रतिभागी के रूप में नीरज पब्लिक स्कूल से 14 बालक खिलाड़ियों में स्वर्ण पदक विजेता अखिलेश जंगम 75 केजी, अभिजीत कोर्राम 60 केजी, रौनक यादव 65 केजी रजत पदक विजेता आयुष चौबे 60 केजी, निहाल जैन 28 केजी, मन्नत जैन 40 केजी, अभिनव साहू 93आह, हिमेश टांक 42 केजी, टिकेंद्र मलगम 56 केजी, आदित्य गायकवाड 41 केजी कांस्य पदक विजेता हर्ष गायकवाड 38 केजी, तन्मय जैन 60 केजी, सौम्य जैन 56 केजी, लव वर्मा 28 केजी इस प्रकार से छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन दिखाते हुवे 23 मैडल जीतकर विनर ट्रॉफी भी जीते।

विजेता खिलाड़ियों के इस अविस्मरणीय उपलब्धि पर शाला के शिक्षकों व परिवहन विभाग द्वारा शहर के रेल्वे स्टेशन पर पुष्प गुच्छ व हर्षोल्लास के साथ स्वागत कर मिठाइयां वितरीत की गई। जिससे उपस्थित अभिभावकों व नगरवासियों के मन में आनंद की लहर छा गई। इनकी इस उपलब्धि पर शाला प्रबंधन समिति के डॉयरेक्टर्सगण, शाला की प्राचार्या सुश्री भारती गौते के अलावा शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने ढेर सारी बधाईयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## प्रभात नगर में निर्मित सामुदायिक भवन एवं बंगाली चाल में निर्मित आंगनबाड़ी भवन का महापौर ने किया लोकार्पण



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा सर्किट हाउस वार्ड नं. 43 के प्रभात नगर में अधोसंरचना मद अंतर्गत 3.00 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन एवं बंगालीचाल में मुख्यमंत्री घोषणा व पार्षद निधि अंतर्गत 6.50 लाख रूपये की लागत से आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया गया है। जिसका आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने एक संक्षिप्त एवं गरिमामय आयोजन में फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में छ.ग.गौ-सेवा आयोग के उपाध्यक्ष मन्ना यादव, निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य मधुकर वंजारी, श्रीमती दुलारी बाई साहू, गणेश पवार, वार्ड की पार्षद श्रीमती खेमीन यादव, पार्षद कमलेश बाधे, श्रीमती मधु बैद, पूर्व पार्षद देवशरण सेन व शेखर यादव, पार्षद प्रतिनिधि राजेश यादव विशेष रूप से उपस्थित थे।

दोनों स्थानों में आयोजित कार्यक्रम के पूर्व में महिला बाल विकास विभाग की शहर परियोजना अधिकारी सुश्री रीना ठाकुर व सुपरवाईजर ज्योति सिन्हा, बंगालीचाल के आंगनबाडी कार्यकर्ता धना सारथी, सहायिका शहना बेगम, आंगनबाडी की प्रीति राजपूत, वंदना मेश्राम, अलका हरिहारनो, अनिता बोही, रोहनी रंगारी, मितानिक प्रेरक किरण यादव, मितानिन आशा मेश्राम, मंजू सावरकर तथा प्रभात नगर के महेश यादव, निलेश चंद्रिकापुरे, शंकर राव रामटेके, मिथलेश त्रिपाठी द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने मॉ सरस्वती की पूजा अर्चनाकर सामुदायिक भवन एवं आंगनबाडी भवन का विधिवत लोकापर्ण किया।

लोकार्पण कार्यक्रम में अपने संबोधन में महापौर श्रीमती देशमुख ने वार्डवासियों को बधाई देते हुए कहा कि, वार्डवासियें की मांग पर सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। भवन निर्माण होने से अब वार्ड के लोगों को सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य आयोजनों के लिये वार्ड में ही एक उचित स्थान मिल गया। इसी प्रकार बच्चों के लिये सर्वसुविधा युक्त आंगनबाड़ी भवन बनाया गया है, जिसमें वार्ड के बच्चे स्वयं के भवन में प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करेंगे, वही बच्चे एवं गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य वर्धक पोषक आहार मिलेगा। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा नगर विकास के लिये दिये गये राशि से नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधा रोड नाली निर्माण सहित राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत सामुदायिक भवन, मुक्तिधाम उन्नयन, तालाब सौंदर्यीकरण, उद्यान निर्माण कार्य वार्डो में कराये जा रहे है। वार्ड में अन्य कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। इस अवसर पर उपअभियंता अनिमेष चंद्राकर, महापौर परिषद के सचिव संजीव कुमार मिश्रा सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, खैरागढ़**
**जिला-खैरागढ़,छुईखदान, गंडई (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा. क्र. बी/121 वर्ष 20 -20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिव कुमार सिंह आ. पीला लाल सिंह निवासी शहर/ग्राम चिखहदाह प.ह.नं. 28 तहसील खैरागढ़ जिला-केसीजी छ.ग. पुत्र/पुत्री/माता/पिता/अन्य खेदिया बाई आ. पीला लाल सिंह जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म/मृत्यु दिनांक 05.04.2009 को स्थान चिखलदाह पर होना बताया जाकर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो, वे सुनवाई तिथि **24.04.23** लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार दिनांक **05.04.23** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 05/04/2023

सुनवाई दिनांक -24/04/2023

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**खैरागढ़**

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
1-5-9
480-2 378-8
राजधानी
3-5-7
245-1 228-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## हमिंग बर्ड अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड के विजेता का संस्कारसिटी में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। आज क्षेत्र की अग्रणी संस्था संस्कारसिटी इंटरनेशनल स्कूल में 'हमिंग बर्ड अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड 2022-23' में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्या श्रीमती रेखा तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस ओलंपियाड में स्वर्ण पदक विजेता प्रतिभागी अनुप्रीत कौर (कक्षा नवमी), मान्यता साहू (कक्षा आठवीं), चैतन्या मेश्राम (कक्षा छठवी), इमानी साहू (कक्षा छठवीं), सहजप्रीत कौर (कक्षा पाँचवी), रित्तु प्रियदर्शनी (कक्षा चौथी)।

रजत पदक विजेता प्रतिभागी बुरहानुद्दीन शैफी (कक्षा चौथी) रुद्र दशहरिया (कक्षा - पाँचवी) सोनम संजय मेश्राम (कक्षा पाँचवी) सेजल ठाकुर (कक्षा-छठवी), प्रांजल कोण्डागुर्ला (कक्षा छठवी), अंकित कुमार (कक्षा-सातवी), युवराज कुशराम (कक्षा-सातवीं) साक्षी साहू (कक्षा - आठवी) तथा कांस्य पदक विजेता प्रतिभागी धैर्य बेलचंदन (कक्षा चौथी), कुणाल दास मानिकपुरी (कक्षा-पाँचवी) खुशबू रानी (कक्षा छठवी) बिंदिया कश्यप (कक्षा - सातवीं) साक्षी जोशी (कक्षा- आठवीं) निम्न विद्यार्थी थे।

साथ ही साथ आई.एम.ओ. (अंतराष्ट्रीय गणितीय ओलंपियाड) का पुरस्कार वितरण भी विद्याथियों को किया जिसमे मेहुल साहू (कक्षा पहली), दीक्षा बघेल (कक्षा दूसरी) हियान कलिहारी (कक्षा-तीसरी), भावेश नेताम (कक्षा-चौथी), लक्ष्य साहू (कक्षा-पाँचवी) आदि को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर संस्था के प्रबंधकगण एवं सम्पूर्ण शाला परिवार ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपनी शुभकामनाएँ दी हैं।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी खैरागढ़**
**जिला-केजीसी (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.मा.क्र. बी/121 वर्ष 202

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महावीर जैन आ. किशोरमल जैन निवासी शहर/ग्राम अतरिया प.ह. नं. तहसील खैरागढ़ जिला राजनांदगांव पुत्र/पुत्री/माता/पिता/अन्य भाभी स्व. शोभा देवी पति स्व. सुनील कुमार के मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 06.04.2000 को स्थान अतरिया पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो, वे सुनवाई तिथि **15.05.23** लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार दिनांक **25.04.23** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-25/04/2023

सुनवाई दिनांक -15/05/2023

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**तहसीलदार खैरागढ़**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी,**
**खैरागढ़ जिला-के.सी.जी. (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. बी/121 वर्ष 2022-23

ग्राम- मुढ़ीपार, प.ह.नं.-13

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुंतीबाई पति डेरहा यादव, निवासी ग्राम मुढ़ीपार, प.ह.नं. 13 रा.नि. मंडल ईटार द्वारा अपनी सास मां स्व. श्रीमती केजाबाई यादव पति सुकालू यादव की मृत्यु दिनांक **01.11.2018** को स्थान ग्राम मुढ़ीपार, तहसील खैरागढ़ पर होना बताया गया है और जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वे वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा वैध अभिकर्ता के माध्यम से नियत पेशी तिथि **16.05.2023** के पूर्व दावा आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक **20.04.2023** को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-20/04/2023

सुनवाई दिनांक -15/05/2023

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**खैरागढ़ (छ. ग.)**

### कार्यालय संपदा अधिकारी
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव**

कार्यालय पता :- न्यू बस स्टैण्ड व्यवसायिक परिसर राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.) फोन नं. 07744469714

क्रं/785/सं.अधि./23 E-mail-emzonerjn@gmail.com प्रक्षेत्र-राजनांदगांव/दिनांक 25.04.2023

**-: आम सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश के तहत निम्नलिखित आबंटियों द्वारा उनके नाम के सम्मुख दर्शाये गये आवासीय भूखण्ड/भवन को फ्री होल्ड में संपरिवर्तन करने हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड/भवन को फ्री होल्ड में संपरिवर्तन करने की कार्यवाही में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य वित्तीय संस्थान को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर अद्योहस्तारकर्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

| क्र. | आवेदक का नाम/पिता/पति का नाम | भवन क्र. | कॉलोनी का नाम | भूखण्ड का क्षेत्रफल(व.फी. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति कमला देवी शर्मा पति श्री दुर्गा लाल शर्मा | LIG-443 (G/F) | Kaurinbhatha | 487.00 |

संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-राजनांदगांव

## पुरानी पेंशन योजना व एनपीएस के चयन हेतु 8 मई तक विकल्प प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। शासन द्वारा शासकीय सेवकों को पुरानी पेंशन योजना व एनपीएस के चयन हेतु 8 मई 2023 तक विकल्प प्रस्तुत करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने जिले के सभी कार्यालय प्रमुख व आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में विकल्प प्रस्तुत करने संबंधित शासकीय सेवकों को पृथक से कार्यालयीन पत्र के माध्यम से अनिवार्यतः सूचित करने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित अंतिम तिथि तक शासकीय सेवकों द्वारा चयन का विकल्प प्रस्तुत नहीं करने पर भविष्य में विकल्प चयन करने का अवसर नहीं दिया जाएगा। ऐसे शासकीय सेवकों द्वारा स्वमेव एनपीएस हेतु सहमति मान्य करते हुए आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)

**आनलाईन प्रथम निविदा सूचना क्रमांक**

क्रमांक 1307/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2023-24 राजनांदगांव, दिनांक 24.04.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन मैनुवल निविदा दिनांक **11.05.2023** तक आमंत्रित की जाती है:-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा सूचना क्रमांक |
|---|---|---|
| ग्रुप-3 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (11 नग) विकासखण्ड डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव | 21.91 | 15 |
| ग्रुप-4 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (06 नग) विकासखण्ड डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव | 15.20 | 15 |
| ग्रुप-5 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (05 नग) विकासखण्ड डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव | 16.00 | 15 |
| ग्रुप-6 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (06 नग) विकासखण्ड डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव | 27.60 | 15 |
| ग्रुप-7 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (12 नग) विकासखण्ड डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव | 26.75 | 15 |
| ग्रुप-8 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (12 नग) विकासखण्ड डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव | 34.85 | 15 |
| ग्रुप-9 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (12 नग) विकासखण्ड डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव | 31.25 | 15 |
| ग्रुप-10 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (11 नग) विकासखण्ड डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव | 29.37 | 15 |
| ग्रुप-2 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (3 नग) विकासखण्ड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव | 8.43 | 16 |
| ग्रुप-3 शासकीय शाला भवनो में जीर्णोद्धार कार्य (2 नग) विकास खण्ड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव | 17.30 | 16 |
| ग्रुप-4 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (4 नग) विकासखण्ड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव | 14.37 | 16 |
| ग्रुप-5 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (5 नग) विकासखण्ड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव | 16.43 | 16 |
| ग्रुप-6 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्वार कार्य (4 नग) विकासखण्ड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव | 16.11 | 16 |
| ग्रुप-7 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (6 नग) विकासखण्ड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव | 9.90 | 16 |
| ग्रुप-8 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (2 नग) विकासखण्ड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव | 14.16 | 16 |
| ग्रुप-9 शासकीय शाला भवनो में जीर्णोद्वार कार्य (3 नग) विकास खण्ड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव | 17.60 | 16 |
| ग्रुप-10 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (4 नग) विकासखण्ड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव | 16.58 | 16 |
| ग्रुप-11 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (8 नग) विकासखण्ड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव | 15.64 | 16 |
| ग्रुप-12 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (4 नग) विकासखण्ड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव | 14.67 | 16 |
| ग्रुप-13 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (5 नग) विकासखण्ड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव | 14.34 | 16 |
| ग्रुप-14 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (3 नग) विकासखण्ड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव | 16.06 | 16 |
| ग्रुप-15 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (5 नग) विकासखण्ड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव | 14.90 | 16 |
| ग्रुप-16 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (4 नग) विकासखण्ड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव | 16.05 | 16 |
| ग्रुप-17 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (8 नग) विकासखण्ड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव | 10.32 | 16 |
| ग्रुप-18 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (9 नग) विकासखण्ड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव | 14.91 | 16 |
| ग्रुप-19 शासकीय शाला भवनों में जीर्णोद्धार कार्य (8 नग) विकासखण्ड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव | 13.07 | 16 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक **25.04.2023** से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि **11.05.2023** सायं 5.30 बजे तक है।

जी-00618/3

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव









# कलेक्टर ने आरटीई अंतर्गत आरक्षित 25 प्रतिशत सीटों में पात्र विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ क्रियान्वित करने के दिए निर्देश, आरटीई के अंतर्गत 173 अशासकीय शाला वेबपोर्टल में पंजीकृत**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में शिक्षा सत्र 2023-24 के लिए शिक्षा के अधिकार अंतर्गत कुल 173 अशासकीय शाला वेबपोर्टल में पंजीकृत किये गये हैं। पंजीकृत शालाओं में वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के लिए 25 प्रतिशत सीट आरक्षित है।

जिसमें नर्सरी में 775, केजी-1 में 279 एवं कक्षा पहली में 523 सीट है। कलेक्टर डोमन सिंह ने निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अंतर्गत आरक्षित 25 प्रतिशत सीटों में पात्रताधारी विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करने एवं संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ क्रियान्वित करने के निर्देश दिए हैं। प्रक्रिया का पालन नहीं करने पर एवं किसी भी स्तर पर शिकायत प्राप्त होने की स्थिति में दोषियों के विरूद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। शासन के निर्देशानुसार निजी विद्यालयों में विद्यार्थियों के निःशुल्क प्रवेश की संपूर्ण प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए 84 शासकीय स्कूल के प्राचार्यों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ऑनलाईन आरटीई वेबपोर्टल पर पालक व विद्यार्थियों द्वारा निःशुल्क प्रवेश हेतु 10 अप्रैल 2023 तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। इसके बाद 10 मई 2023 तक वेबपोर्टल में प्राप्त आवेदनों का नोडल अधिकारियों द्वारा सत्यापन के कार्य हेतु निर्धारित किया गया है।




जिला शिक्षा अधिकारी राजेश सिंह द्वारा पालक व विद्यार्थियों द्वारा वेबपोर्टल में प्राप्त आवेदनों का अधिनियम में वर्णित नियमानुसार सत्यापन 19 अप्रैल 2023 को समस्त नोडल अधिकारियों का बैठक आहूत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विद्यार्थियों व पालकों को दस्तावेज परीक्षण हेतु किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इस संबंध में सभी नोडल अधिकारयों को निर्देशित किया गया है। अधिकारियों को उनके लॉगिन आईडी में प्राप्त आवेदनों का स्वतः परीक्षण करने एवं पात्र-आपात्र आवेदनों का छटनी करने कहा गया है। नोडल अधिकारियों द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निवर्हन करते हुए लगभग 80 प्रतिशत आवेदनों का सत्यापन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष भी राज्य स्तर से आवेदन सत्यापन हेतु निर्धारित तिथि के पूर्व कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। निःशुल्क अध्ययन हेतु प्राप्त आवेदनों का नोडल अधिकारियों द्वारा स्टेटस परिवर्तन करने के बाद ही 15 मई से 25 मई 2023 के मध्य राज्य कार्यालय द्वारा ऑनलाईन लॉटरी के माध्यम से निजी विद्यालयों में निःशुल्क अध्ययन हेतु छात्र आबंटित किये जाएंगे।

# पढ़ई तिहार के तहत अंगना मा शिक्षा 3.0 कार्यक्रम मोहला के विभिन्न विद्यालयों में संपन्न



**शिक्षा से माताओं को जोड़ने के लिए अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम संपन्न**

राजनांदगांव (दावा)। पढ़ई तिहार के अंतर्गत माताओं को बच्चों की शिक्षा से जोड़ने के लिए अंगना मा शिक्षा 3.0 कार्यक्रम का आयोजन मोहला विकास खंड के विभिन्न प्राथमिक शालाओं में आज संपन्न हुआ। विकास खंड शिक्षा अधिकारी मोहला राजेन्द्र कुमार देवांगन ने जानकारी दिया कि उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार प्राथमिक शालाओं के बच्चों को घर में ही शिक्षा का माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम संचालित हो रहा है। इसके तहत माताओं को घर पर ही अपने बच्चों को किस प्रकार से शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ना है, इसके बारे में बताया जाता है और माताओं का उन्मुखीकरण करके शिक्षा के प्रति उन्हें जागरूक किया जाता है।

डीएमसी सतीश ब्यौहारे ने बताया कि अंगना मा शिक्षा के द्वारा स्मार्ट माता के रूप में माताओं को सिखाया जाता है कि किस प्रकार के दैनिक जीवन के कार्यों, घर में रखी वस्तुओं, आसपास के परिवेश इत्यादि से जोड़ करके हम अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ सकते हैं। पढ़ई तुहर दुआर योजना के तहत अंगना मा शिक्षा 3.0 कार्यक्रम प्रदेश के सभी प्राथमिक शालाओं में किया गया और इसी कड़ी में मोहला के विभिन्न प्राथमिक शाला में समुदाय की मदद से बड़े उत्साह के साथ यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

अंगना मा शिक्षा कार्यक्रम के स्त्रोत पर्सन के रूप में मोहला ब्लॉक में प्रमिला यादव प्राथमिक शाला मुंजाल तथा प्रेमलता शर्मा प्राथमिक शाला रेंगाकठेरा है। कार्यक्रम को संपन्न करने में एबीईओ दरवन बोगा, बीआरसीसी खोमलाल वर्मा, सभी संकुल शैक्षिक समन्वयक का विशेष योगदान रहा है। सफल कार्यक्रम आयोजन के लिए मोहला टीम को जिला शिक्षा अधिकारी राजेश सिंग, कमल कपूर बंजारे, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहारे ने बधाई प्रेषित की है।

# आम जनता को संपत्तिकर में कोई छूट नहीं... कांग्रेस के वायदे और ईरादे में जमीन आसमान का अंतर - किशुन यदु



राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिक निगम, राजनांदगांव के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने निकाय क्षेत्र की आम जनता को संपत्तिकर में छूट न दिए जाने को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने बयान जारी करते हुए कहा कि यह सरासर जनता के साथ अन्याय है। चुनावी घोषणा के बावजूद कांग्रेस इसे अमल में नहीं ला रही है।

किशुन यदु ने कहा कि कांग्रेस का दोहरा चरित्र सामने है। विधानसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने प्रदेश में कांग्रेस के जिस कथित जनघोषणा पत्र को जारी किया था उस पर ही सत्तापक्ष अमल नहीं कर रहा है। इनके वायदे और ईरादे में जमीन आसमान का अंतर है। इनके ही आलाकमान की हैसियत भी इनके वायदा खिलाफी के आगे कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को नगर पालिक निगम में विशेष सम्मेलन में औद्योगिक इकाईयों को संपत्तिकर में 50 प्रतिशत की छूट देने का प्रस्ताव बहुमत से पारित किया गया है... हम इसका स्वागत करते हैं। लेकिन आम जनता को किसी तरह की राहत नहीं दी गई। भाजपा ने यहां भी कांग्रेस को उसके वायदे याद दिलाए। कांग्रेस के जनघोषणा पत्र को हमने सामने रखा लेकिन कांग्रेसी महापौर और सत्तापक्ष इस पर चुप्पी साध गए या फिर उन्होंने विषय को बदलने की कोशिश की।

यदु ने कहा कि भाजपा पार्षद दल इस पर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराएगी। आम जनता को संपत्तिकर में राहत देनी ही होगी। कांग्रेसी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी सरकार की घोषणाएं पर अमल का खोखला दंभ भरते हैं। उन्होंने दोहरा चरित्र दिखाया है।

# आदर्श विवाह, शोभायात्रा, पत्रिका शौर्य का विमोचन के साथ हुआ 59वां वार्षिक महाधिवेशन

राजनांदगांव (दावा)। राजपूत क्षत्रिय समाज पं. क्रमांक 1282 का दो दिवसीय वार्षिक महाधिवेशन 22 व 23 अप्रैल को राजीव लोचन मंदिर राजिम में हुआ। अधिवेशन के पहले दिन कार्यक्रम की शुरुवात खैरागढ़ से लाए गए महाराणा प्रताप ज्योति कलश को महासभा के अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ठा. रमेश सिंह, उपाध्यक्ष ठा. अश्विन सिंह, कोषाध्यक्ष ठा. नीरज सिंह, क्षत्रिय महासचिव ठा. विष्णु सिंह, सह सचिव ठा. कमलेश सिंह, उपसचिव ठा. प्रवेश सिंह, संगठन सचिव ठा. ज्ञानेश्वर सिंह, प्रचार सचिव महासभा एवं मीडिया प्रभारी ठा. घनश्याम सिंह, महिला अध्यक्ष वंदना राजपूत, महिला सचिव छाया ठाकुर, केंद्रीय युवा अध्यक्ष ठा. प्रशांत सिंह, केंद्रीय युवा सचिव ठा. विकास सिंह के अगुवाई में सभी केंद्रीय, उपसमिति और जोन पदाधिकारी, प्रभारी एवं युवा, महिला मंडल के उपस्थिति में स्वागत व महासभा मंच पर स्थापित किया गया। इसके साथ ही ध्वजारोहण कर अधिवेशन का शुभारंभ किया गया। इसके बाद केंद्रीय पदाधिकारियों का स्वागत एवं सह संयोजक का स्वागत भाषण एवं वार्षिक पत्रिका शौर्य 2023 का विमोचन केंद्रीय पदाधिकारियों ने किया। दोपहर भोजन उपरांत राजपूती वेशभूषा में सुसज्जित होकर समाज के सभी वर्ग के लोग अधिवेशन स्थल से शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में सामाजिकबंधु महाराणा प्रताप व जय श्रीराम के



नारा लगाते रहे। यह यात्रा नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल में संपन्न हुई। इसके साथ ही कार्यक्रम में स्थल में सामाजिक जोड़ों को आदर्श विवाह निःशुल्क संपन्न हुआ।

दो दिवसीय आयोजन में लोगों की सुविधा के लिए अधिवेशन स्थल में निःशुल्क, स्वास्थ शिविर, मिडिया सेल, सिद्धि महिला समूह, साहित्य परिषद का विशेष शिविर दोनों दिनों लगाया। आयोजन स्थल में लगाए गए शिविर में सैकड़ों लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को महासभा की ?र से प्रशस्ति पत्र दिया गया। समाज के हर गतिविधियों के प्रचार प्रसार करने वाले सामाजिक मीडिया पत्रकार बंधुओं का महासभा के द्वारा सम्मान किया गया। महासभा के मिडिया सेल प्रमुख आदर्श सिंह ठाकुर ने बताया कि महासभा के सामान्य सभा की बैठक में 25 वर्षों के बाद होने वाले संविधान संशोधन के लिए विधिवत अनुमोदन किया गया। आयोजन दूसरे दिन 23 अप्रैल को सुबह रंगोली, मेहंदी, पुष्प सज्जा, आरती की थाल सजाओ प्रतियोगिता महिलाओं एवं युवतियों हुई। आयोजन में संयुक्त कलेक्टर रायपुर ज्योति गुगेल, एसडीओ धमधा बृजेश सिंह क्षत्रिय, जीएसटी सहा. कमिश्नर अभाश सिंह राजपूत, पूर्व विधायक बेमेतरा अवधेश सिंह चंदेल, अधिवेशन के संयोजक राजेश सिंह, पीयूष सिंह, श्रवण सिंह, राजिम उप समिति के मुकेश सिंह सहित रायपुर जोन के पदाधिकारी व सामाजिकबंधु उपस्थित थे। उपसमितियों के सचिवों का प्रतिवेदन महासभा के महासचिव ठा. विष्णु सिंह व कोषाध्यक्ष ठा. नीरज सिंह क्षत्रिय ने प्रस्तुत किया। उसके बाद महासभा के पदाधिकारियों द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने व प्रतिभावान छात्रों-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकरा सम्मानित किया। साथ ही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों के स्मृति चिन्ह, शॉल, श्रीफल भेंट किया गया। महासभा के अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस ने उदबोधन दिया। अतिथियों ने विभिन्न खेलों में विजेताओं व उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का संचालन महासभा महासचिव विष्णु सिंह बघेल ने किया। आभार प्रदर्शन जोन प्रभारी अश्विनी सिंह राजपूत ने किया। इसके बाद ध्वजा अवरोहण के साथ अधिवेशन का समापन हुआ।

# जनता के बीच कांग्रेस की आवाज बनेंगे वक्ता - चंद्रशेखर शुक्ला




**बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने प्रभारी के सामने अपनी योग्यता का किया प्रस्तुतीकरण**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम जी के आदेशानुसार एवं छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में कांग्रेस वक्ता चयन अभियान हेतु 22 से 30 अप्रैल तक चला रही है जिसके अंतर्गत आज राजनांदगांव जिले में वक्ता चयन के प्रभारी चंद्रशेखर शुक्ला महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव पहुंचकर कांग्रेस के वक्ता बनने इच्छुक प्रतिभागियों से उनकी वाकपटुता एवं अपनी बातों के प्रस्तुतीकरण सहित अन्य बारीकियों से रूबरू हुए।

कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि वक्ता चयन कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी ने वक्ता चयन के उद्देश्य से उपस्थित कांग्रेस जनों को अवगत कराते हुए प्रभारी चंद्रशेखर शुक्ला जी से कांग्रेस पदाधिकारियों का परिचय कराया पश्चात पार्टी के आंतरिक साक्षात्कार के रूप में चयन प्रक्रिया प्रारंभ की गई।सर्वप्रथम वक्ता बनने इच्छुक कांग्रेसजनों ने अपनी अभिव्यक्ति और पार्टी द्वारा निर्धारित विषय सूची के अनुसार अपनी बातों को रखा सभी से व्यक्तिगत रूबरू होने के पश्चात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं राजनंदगांव प्रभारी चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि वक्ता कांग्रेस के मुखपात्र होते हैं और उन्हें विषयों की जानकारी के साथ-साथ अपनी पार्टी की रीति नीति सिद्धांत पर चलते हुए संगठन की जिम्मेदारी के साथ छत्तीसगढ़ सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता के बीच ले जाकर जहां हितग्राहियों को लाभ दिलाना है वही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए विरोधियों के झूठ फरेब अफवाह का मुंहतोड़ जवाब भी देने का कार्य कांग्रेस पार्टी की ओर से वक्ता को करना होता है पार्टी के आयोजित सभा ,कार्यक्रम में पार्टी की ओर से अपनी बात भी रखने प्रदेश कांग्रेस कमेटी योग्य वक्ताओं के चयन के लिए यह अभियान प्रारंभ किया है राजनांदगांव जिला में वक्ताओं की कोई कमी नहीं है यहां के वक्ता समृद्ध सशक्त एवं मंझे हुए हैं वक्ताओं के नामों को पीसीसी में प्रस्तुत करने के बाद प्रदेश कांग्रेस के द्वारा अधिकृत वक्ताओं की सूची जारी की जाएगी एवं उन्हें प्रशिक्षित कर मैदान में उतारा जाएगा।

वक्ता साक्षात्कार के दौरान अंत्याव्यवसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला, खादी ग्रामोद्योग के सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई, महापौर हेमा देशमुख, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज भाई, पूर्व महापौर सुदेश देशमुख राजनांदगांव मंडी अध्यक्ष गोवर्धन देशमुख सहित जिला कांग्रेस के पदाधिकारी ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एनएसयूआई, पार्षद दल जिला जनपद पंचायत के सदस्यगण सहित कांग्रेस के अनुषांगिक संगठन के जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# टीकाकरण के महत्व एवं आवश्यकता पर हुआ व्याख्यान



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई आइक्यूएसी, यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में टीकाकरण दिवस पर महत्वपूर्ण व्याख्यान कराया गया।

रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी प्रो.विजय मानिकपुरी ने कहा कि भारत में टीकाकरण का इतिहास बहुत पुराना है जैसी महामारी के बीच वैक्सीनेशन की क्या अहमियत रही यह हम सब अच्छी तरह से समझ सकते हैं आज भी कोविड का टीकाकरण अभियान जारी है। प्राचार्य डॉ.रचना पांडे ने कहा भारत में पोलियो,चेचक जैसी बीमारियों महामारी का रूप ले चुकी है और इनसे निजात दिलाने के लिए समय-समय पर टीकाकरण अभियान चलाया जाता है इसलिए कॉलेज में टीकाकरण पर व्याख्यान रखा गया जिससे इसकी महत्ता एवं उपयोगिता को समझा जा सके।

व्याख्यान में मुख्य वक्ता मिस प्रियंका (ट्विटर, कॉन्फ्लुएंस कॉलेज, नर्सिंग) ने कहा कि वैक्सीन वायरस और बैक्टीरिया से हमारा बचाव करते हैं और हमें गंभीर बीमारियों से बचाते हैं। लोगों को टीकाकरण का मतलब समझाने के उद्देश्य आवश्यक है, इसलिए वैक्सीनेशन डे मनाया जा रहा है। टीकाकरण संक्रामक रोग से बचाने के लिए सिस्टम को आर्टिफिशियल रूप से एक्टिव करने का एक तरीका है। वैक्सीन मानव शरीर के लिए जरूरी तत्व है। यही कारण है कि एक बच्चे के जन्म के तुरंत बाद से ही उसे वैक्सीन लगना शुरू हो जाता है। इस प्रकार की जरूरी जानकारी दी गई।

महाविद्यालय के डायरेक्टर आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल एवं डॉ. मनीष जैन ने कहा कि वैक्सीन की महत्ता और उसकी जरूरत को दर्शाने के लिए ही इस प्रकार के अभियान चलाया जाते हैं। हम सभी जानते हैं पोलियो कार्यक्रम की सफलता के बाद भारत में टीवी और टीटनेस जैसी गंभीर बीमारियों के खिलाफ टीकाकरण कार्य शुरू किया ऐसे जानकारियों से लोगों में जागरुकता आएगी, व्याख्यान में बीएड के विद्यार्थी एवं अध्यापकों की उपस्थिति रही।

# सिंघोला में 9 मई मां भानेश्वरी जयंती की तैयारी में तहसील साहू संघ डोंगरगांव व छुरिया की संयुक्त बैठक संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। जिला साहू संघ की उपाध्यक्ष एवं डोंगरगांव प्रभारी श्रीमति नीरा साहू ने बताया कि प्रदेश स्तरीय मां भानेश्वरी जयंती 9 मई 2023 को ग्राम सिंघोला में आयोजित कार्यक्रम की तैयारी सम्बंधित डोंगरगांव तहशील साहू संघ एवं छुरिया तहसील साहू संघ की बैठक आज 25 अप्रेल को डोंगरगांव तहसील साहू संघ के भवन में बैठक में मां भानेश्वरी जी की जयंती को लेकर विस्तृत जानकारियां एवं सादर आमंत्रित प्रेषित किये। साथ ही साथ चर्चा परिचर्चा में तहसील साहू संघ एवं परिक्षेत्र के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सामाजिक पदाधिकारीगण एवं समाज के सभी वरिष्ठजनों ने बहुत सारी सुझाव भी दिए।

आज की बैठक में उपस्थित भागवत साहू जिला साहू संघ राज., डॉ. नीरेंद्र साहू, संरक्षक जिला साहू संघ, श्रीमति नीरा साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ,आदरणीय अमरनाथ साहू पूर्व महामंत्री जिला साहू संघ, श्रीमति सरिता साहू सहसचिव, चंदन साहू संगठन सचिव, माधव साहू, श्रीमति तीजेश्वरी साहू संयोजिका, हेमंत साहू अध्यक्ष डोंगरगांव तहसील साहू संघ, धनराज साहू सचिव डोंगरगांव, श्रीमति मीना साहू उपाध्यक्ष डोंगरगांव, भुनेश्वर साहू अध्यक्ष छुरिया तहसील साहू संघ, ज्ञानचंद साहू सचिव छुरिया, टिकेश साहू जनपद अध्यक्ष डोंगरगांव, श्यामसुंदर साहू, श्रीमति संध्या साहू पूर्व नगर अध्यक्ष डोंगरगांव, डॉ.नरेन्द्र साहू, चेतन आनंद चौधरी, लविंद्र साहू, पुरुषोत्तम साहू, शिव चौधरी, महेश्वर साहू, श्रीमति चित्ररेखा साहू, जगमोहन साहू एवं समस्त पदाधिकारी व सभी स्वजातीय भाई बंधु सम्मिलित हुए।

# आज से युगांतर में समर कैंप : देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रशिक्षक विद्यार्थियों करेंगे प्रशिक्षित

राजनांदगांव (दावा)। युगांतर पब्लिक स्कूल में आज 27 अप्रैल को प्रातः 7.50 बजे समर कैंप का शुभारंभ होगा । यह समर कैंप 10 मई तक आयोजित होगा। युगांतर हर साल की तरह इस साल भी पूरे उत्साह से बच्चों के भविष्य संवारने का सुन्दर कार्य कर रहा है। इस समर कैंप मे युगांतर के अलावा शहरभर के बच्चे भाग लेकर अपनी विविध प्रतिभाओ का विकास करेंगे।

इस कैंप का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल के कुशल नेतृत्व में समर कैंप प्रभारी वन्दना सिंह ,शालिनी नायर व स्मिता नायर ने देश के विभिन्न राज्य से आए विद्यालय में कार्यरत अनुभवी प्रशिक्षक और कोच व विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओ के सहयोग से किया है। समर कैंप प्रभारी वन्दना सिंह व शालिनी नायर सभी विद्यार्थियों को योगा, जुम्बा, पर्सनालाटी डेवलपमेंट व इंग्लिश स्पोकन का, स्विमिंग कोच खेवन निषाद, पारख साहू, रामनाथ रजक, रेणुका साहू तैराकी का , अटल टिकरिन्ग के रोबोटिक्स शिक्षक सुशील यादव रोबोटिक्स का, संगीत शिक्षक विनय नायडू, गोपी प्रसाद पटेल, अक्षय केहरी, आकांक्षा चतुर्वेदी वोकल व इन्स्ट्रुमेन्टल म्यूजिक का, स्केटिंग कोच नवनीत द्विवेदी, जनविजय पाटिल स्केटिंग का , खेल शिक्षक राजेन्द्र तिवारी व तथागत जनबन्धु,बैडमिंटन का, डांस टीचर प्रवीण राजन, अमिषा सोनी शास्त्रीय व आधुनिक डांस का, कला शिक्षक अजय चौरसिया, ज्ञानेश पटेल कैलीग्राफी व चित्रकारी का , कम्प्यूटर एक्सपर्ट साक्षी साहू आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोडिंग का प्रशिक्षण देंगे। विद्यालय के सेक्रेटरी विनय डड्डा ने आयोजन की सफलता की कामना करते हुए अपने बधाई संदेश में कहा है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यार्थियो की रचनात्मकता को महत्व देना ही इस समर कैंप का प्रमुख उद्देश्य है।



इसी तरह का विचार रखते हुए विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, पी आर ओ दिनेश प्रताप सिंह, प्रशासक सुरेंद्र भार्गव सहित युगांतर परिवार ने भी विद्यार्थियों से इस समर कैंप में बड़ी संख्या में सहभागिता दर्ज करने का अनुरोध किया है। विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी के मार्गदर्शन में शाला ने नित् नई ऊंचाइयों को छुआ है। शाला के बच्चों ने जेईई, नीट, सीए जैसी अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यहाँ के विद्यार्थियों ने दिल्ली स्थित संस्थान साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की परीक्षाओं ,आई एम ओ, एन एस ओ, एन सी ओ जैसी परीक्षाओं में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर दस के अन्तर्गत रैंक प्राप्त किए हैं। शाला में स्पोर्ट्स डे, बाल मेला, फैंसी ड्रेस कॉम्पिटिशन, ग्रेन्ड पेरेंट्स डे, एनुअल फंक्शन जैसे कार्यक्रम बड़े स्तर पर ऐतिहासिक रूप में आयोजित किए जाते हैं। शाला के बच्चों को सभी विधाओं के साथ-साथ किसी एक एक्टिविटी मे विशेष रूप से पारंगत किया जाता है। यहाँ इस वर्ष से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व कोडिंग की नियमित कक्षाएँ संचालित की जा रही हैं। युगांतर शहर का एक मात्र स्कूल है, जहाँ पर कक्षा 11 वी में ह्युमैनिटीज संकाय की कक्षाएँ इस वर्ष से आरंभ की जा चुकी है। एसी बसों की सुविधा एवं एसी क्लास रूम्स के अल्ट्रा मार्डर्न डिजिटल टच बोर्ड शाला को एक अतुलनीय स्थान प्रदान करते हैं। प्रबन्ध समिति के समस्त सदस्यगण शाला के आधुनिकतम उत्तरोत्तर उत्कर्ष हेतु कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। ऊर्जावान प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल के नेतृत्व में समर्पित शिक्षक-शिक्षिकाओ की टीम एक एक बच्चे के विकास हेतु कृत संकल्पित हैं। शाला में प्रवेश हेतु देश के विभिन्न शहरों से पालकों तथा बच्चों मे खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने आगे बताया कि समर कैंप में पंजीयन हेतु प्रभारी वंदना सिंह (मो. 8103974004) से संपर्क कर सकते हैं।

# छत्तीसगढ़ी स्तरीय पावर लिफ्टिंग में बजरंग व्यायाम शाला के खुशीकांत साहू ने जीता मेडल



राजनांदगांव(दावा)। विगत दिनों दुर्ग में आयोजित छत्तीसगढ़ी स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बजरंग व्यामशाला के खुशीकांत साहू ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर बजरंग व्यायाम शाला के लिए मेडल जीता।

व्यायाम शाला के कोच घनश्याम श्रीरंगे ने जानकारी देते हुए बताया कि दुर्ग में आयोजित पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में व्यायाम शाला के उभरते हुए खिलाड़ी खुशीकांत साहू ने स्काट में 120 केजी बेंच प्रेस में 105 केजी डेडलिफ्ट में 170 केजी वजन उठाकर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनके बेहतर प्रदर्शन पर शहर जिला कांग्रेस के दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने उन्हें व्यामशाला में पुनः मेडल पहनाकर एवं मुंह मीठा कराकर उन्हें बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर व्यायाम शाला परिवार के कोषाध्यक्ष महेश अग्रवाल, अतुल साकुरे, आयुष जैन, अभिषेक गिरिपुंजे, राजा खान, प्रथम झूलन, हर्ष यादव, भावेश साहू ने उपस्थित होकर खुशीकांत को बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## अनमोल दावा

**“ वृक्ष, पानी और शुद्ध हवा जीवन जीने की अनमोल दवा**

# राहत के बरक्स

हाल ही में जब बाघों की संख्या में अच्छी-खासी बढ़ोतरी की खबर आई थी, तब इसे राहत की तरह देखा गया, क्योंकि इस संरक्षित पशु को बचाने के लिए पिछले कई दशक से व्यापक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। लेकिन अब बाघों की मौत की लगातार घटनाओं ने एक नई चिंता पैदा कर दी है कि आखिर रखरखाव और संरक्षण के किन मोर्चों पर चल रही योजनाओं में सुधार की जरूरत है।

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने अपने ताजा आंकडो में जो जानकारी दी है, उसके मुताबिक इस साल अब तक अलग-अलग वजहों से छप्पन बाघों की जान जा चुकी है। अकेले अप्रैल में आठ बाघों की मौत हो गई। इनमें ज्यादा संख्या मादा बाघों की है। हालांकि बाघों के जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव पर नजर रखने वालों का मानना है कि आमतौर पर जनवरी से लेकर मार्च महीने के बीच इस पशु की मौतों की ज्यादा संख्या दर्ज की जाती है। लेकिन जब करीब दो महीने पहले इस तरह की खबरें आई थीं तब यह सवाल उठाया गया था कि क्या इस संरक्षित पशु के जीवन को बचाने के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों को लेकर उत्साह में कमी आ रही है!

बाघों को बचाने के लिए चलाई जा रही विशेष परियोजना और उसके तहत अक्सर जैसी सक्रियता देखी जाती रही है, उसमें यह उम्मीद स्वाभाविक है कि इस पशु को विलुप्ति के खतरे की जद से दूर रखा जा सकेगा। यही वजह है कि कुछ समय पहले बीते चार साल में बाघों की गिनती में दो सौ की बढ़ोतरी का आंकड़ा आया, तो इसे संरक्षण के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों की कामयाबी के तौर पर देखा गया।

लेकिन अगर इस आंकड़े के बरक्स बाघों के मरने की खबरें भी समांतर आ रही हों तो उसे कैसे देखा जाएगा? तादाद में बढ़ोतरी के मुकाबले अगर बाघों की मौतों को नहीं थामा जा सका तो संख्या में संतुलन का सुरक्षित अनुपात कैसे कायम किया जा सकेगा? निश्चित रूप से एक संरक्षित पशु के रूप में बाघों को बचाने के लिए बाकायदा संगठित रूप से अभियान चलाए गए, अभयारण्यों को सुरक्षित बनाने और इनके जीवन के लिए जरूरी आबोहवा उपलब्ध कराने को लेकर लिए व्यापक कार्यक्रम भी अमल में लाए गए। मगर यह समझना मुश्किल है कि बचाने की तमाम महत्त्वाकांक्षी योजनाओं के अमल में अक्सर सक्रियता दिखने के बावजूद बाघों के जीवन पर यह कैसा खतरा मंडरा रहा है!

दरअसल, इंसानी आबादी के साथ-साथ रिहाइशी इलाकों के विस्तार के बीच जैसी चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, उसमें एक गंभीर असर वन्यजीवों के सामान्य जीवन पर भी पड़ रहा है। कहीं जंगल में रहने वाले पशुओं के पर्यावास का क्षेत्र सिकुड़ रहे हैं तो कहीं मनुष्य और पशुओं के बीच टकराव की स्थितियां बन रही हैं। आए दिन ऐसी खबरें आती रहती हैं कि बाघ या इसी वर्ग के किसी पशु ने इंसान पर हमला कर दिया।

इसकी वजह जितनी जानवरों के भीतर उपजी आक्रामकता है, उससे ज्यादा उनके सामान्य जीवन में खड़ी हो रही बाधाएं कई बार संकट की जड़ बन रही हैं। इसके बावजूद बाघ संरक्षण की परियोजना पर हुए काम का ही यह हासिल रहा कि बाघों की गिनती में बढ़ोतरी दर्ज की गई। लेकिन अब अगर इसके समांतर बाघों की मौतों की रफ्तार भी इस कदर तेज है तो यह बेशक चिंता की बात है। ऐसे में न सिर्फ बाघों के प्राकृतिक जीवन-क्षेत्र को पूरी तरह सहज और सुरक्षित बनाए जाने की जरूरत है, बल्कि उनके खानपान, रहन-सहन, पर्यावरण आदि को लेकर भी हर स्तर पर सजगता बरतनी पड़ेगी।

# प्रकाश सिंह बादल : पंजाब और पंजाबियत के पुरोधा

**डॉ. प्रभात ओझा**

प्रकाश सिंह बादल एक ऐसा नाम जो क्षेत्रीय राजनीति का पुरोधा माना जाता है. ऐसी क्षेत्रीय राजनीति, जिससे तमाम उतार-चढ़ाव के बीच पंजाब में अकाली नेता हमेशा अनिवार्य हिस्सा माने जाते हैं. ऐसा नहीं कि उन्होंने केंद्र की राजनीति में दखल की कोशिश नहीं की. साल 1979-80 के दौरान चौधरी चरण सिंह के मंत्रिमंडल में प्रकाश सिंह बादल स्वयं कृषि मंत्री थे. उन्हें जल्द समझ में आ गया कि वह पंजाब और पंजाबियत के लिए ही बने हैं. वैसे बाद में भी उनके अकाली दल ने केंद्र की सरकार में भागीदारी की और पंजाब विधानसभा के हाल के चुनाव के पहले उनकी बहू हरसिमरत कौर केंद्र में मंत्री थीं. बेटे सुखबीर सिंह बादल भी पंजाब के उप मुख्यमंत्री के सिवा केंद्र में राज्यमंत्री रह चुके हैं.

असल में, पंजाब के बाहर बादल और अकाली दल की राजनीति लुका-छीपी के खेल की तरह ही है. वह किसी राष्ट्रीय दल से समझौता भी पंजाब के क्षेत्रीय हितों को दरकिनार कर नहीं करते. यहां उनके इस कदम को देखना होगा, जब 2020 के किसान आंदोलन में किसानों का समर्थन करते हुए उन्होंने 2015 में मिले पद्म विभूषण सम्मान को वापस कर दिया था. इसे पंजाब के किसानबहुल लोगों के स्वाभिमान को सम्मान के तौर पर ही देखा जाना चाहिए. पंजाब की क्षेत्रीय राजनीति 1920 में अकाली दल के गठन से शुरू हुई. सरदार सरमुख सिंह चुब्बल एकीकृत अकाली दल के पहले अध्यक्ष थे. उनके बाद मास्टर तारा सिंह के नेतृत्व में अलग पंजाब प्रांत के लिए आंदोलन और उसमें सफलता के सोपान चढ़ने की लंबी कहानी है. इसमें अंग्रेजी शासन के साथ सम्बंध वाले विवाद के अंश भी हैं.



हम बात प्रकाश सिंह बादल के संदर्भ में कर रहे हैं. आजादी के बाद उन्होंने पूर्व के नेताओं से बहुत कुछ सीखा, साथ ही समर्थन-विरोध के बीच वे भी डोलते रहे. राजनीति में समर्थन-विरोध चलता रहता है. पंजाब की क्षेत्रीय राजनीति में बादल पहले कांग्रेस के साथ ही जुड़े रहे. स्वाधीनता आंदोलन और कांग्रेस के एकाकार होने की सच्चाई से प्रकाश सिंह बादल भी अछूते नहीं थे. उन्होंने विधानसभा सदस्य बनने की अपनी पहली यात्रा 1957 में कांग्रेस के टिकट पर ही पूरी की. भारतीय जनता पार्टी के पुराने रूप जनसंघ के साथ तो वह 1970 में आए. तब उन्होंने जनसंघ से मिलकर पंजाब में संयुक्त सरकार बनाई. करीब सवा साल की सरकार हिन्दी भाषा के सवाल पर जनसंघ के समर्थन वापसी के साथ गिर गई थी.

बादल का राजनीतिक सफर देश की आजादी के साथ ही शुरू होता है. वर्ष 1927 में पैदा हुए प्रकाश सिंह बादल सिर्फ 20 साल की उम्र में सरपंच निर्वाचित हुए थे. सरपंची की यह कुर्सी लोकतांत्रिक ढंग से भले सही, परन्तु अपने पिता से विरासत में मिली. वह 1957 में पहली बार विधायक बने और कुल 10 बार पंजाब विधानसभा के लिए चुनाव जीता. इस दौरान वह 5 बार मुख्यमंत्री बने. निधन के सिर्फ एक साल पहले वह अपने जीवन का अंतिम चुनाव हार गये. कहा जाता है कि यह उनकी पहली हार थी. यहां याद करना होगा कि बादल पहली बार 1967 में पराजित हुए थे, जब वह अकाली दल (संत फतेह सिंह) उम्मीदवार के रूप में सिर्फ 57 मतों के अंतर से हारे. अंतिम चुनाव में तो अभी 2022 में उम्र में उनसे 36 साल छोटे गुरमीत सिंह खुडियन ने बादल को बड़े अंतर से मात दी.

चुनाव में शह और मात होती रहती है. बादल की मात तो सिर्फ दो बार हुई किंतु सच यह है कि पंजाब की राजनीति के वह अनिवार्य अंग बने रहे. उनकी सक्रियता के बाद राष्ट्रीय दलों को उन्हें साधने की कोशिशें करनी पड़ी. प्रकाश सिंह बादल ने बाद में 1997 में भारतीय जनता पार्टी से समझौता किया. बीजेपी को पंजाब में दखल के लिए बादल की जरूरत थी, तो बादल भी कांग्रेस के मुकाबले बीजेपी के साथ हो गये. पहले की जनसंघ के साथ वाली सरकार के मुकाबले इस बार बादल ने भाजपा से चुनाव पूर्व समझौता किया. उनके गठबंधन की सरकार बनी. बीजेपी के साथ बादल ने 2007 में भी मिलकर चुनाव लड़ा और मुख्यमंत्री बने. फिर 2012 में भी इस गठबंधन की सरकार बनी.

पंजाब के बाहर बन रहे गठबंधनों की राजनीति में प्रकाश सिंह बादल एनडीए के हिस्सा बने. वर्ष 1970 में जनसंघ के साथ सरकार बना ही चुके थे. वर्ष 1998 से 2020 तक भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए के साथ वह सहज रूप से जुड़े रहे. इस दौरान भाजपा को साथ लेकर वह दो बार राज्य में सीएम की कुर्सी हासिल करने में सफल रहे. इसी दौरान हरसिमरत कौर 2014 और 2019 में केंद्र में मंत्री बनीं. अभी 2020 के किसान आंदोलन के दौरान केंद्र सरकार और राज्य की राजनीति में से किसी एक को चुनने में देर हुई. हरसिमरत कौर ने जब केंद्र सरकार छोड़ा, तबतक देर हो चुकी थी. शायद बुजुर्ग बादल सही और सटीक दिशा निर्देश नहीं दे पाए.

उन्होंने पद्मविभूषण भी लौटाया किंतु जिस पंजाब और पंजाबियत का हवाला देकर उन्होंने अपना वजूद बनाया और कायम रखा, उसी पंजाब ने हाल के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ उनकी पार्टी को भी नकार दिया. देखना है कि प्रकाश सिंह बादल के बाद बादल परिवार इसे किस ढंग से संभाल पाता है. साल 2021 में हरियाणा के जींद में किसान नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री देवीलाल की 108 वीं जयंती आयोजन के मंच पर फारुख अब्दुल्ला के साथ प्रकाश सिंह बादल भी थे. उन्होंने अब्दुला और ओम प्रकाश चौटाल से कहा कि वह हर राज्य में जाएं. बढ़ती उम्र की मजबूरियां थीं. अब उनके नहीं रहने पर क्या-क्या मजबूरियां होंगी, यह भी देखना होगा.

## विचार सरिता

# पा लो सच्चा सुख

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



अर्जुन ने श्री कृष्ण से वास्तविक सुख की परिभाषा पूछी।

अर्जुनः सुख क्या है प्रभु? जो चीजें हम चाहते हैं, वे हमें मिल जाए तो यह तो सुख ही हुआ न?

श्री कृष्णः यह इस बात पर निर्भर है कि हम चाहते क्या हैं? उदाहरण के लिए हमने सांसारिक सुखों और भोगों की इच्छा रखी है तो यह सुख अवश्य है लेकिन अपने वास्तविक स्वरूप में यह भारी दुख है। इसे समझने की आवश्यकता है।

अर्जुनः वह कैसे?

श्री कृष्णः सुख तीन प्रकार के हैं। पहला सुख वह है जो भगवान का स्मरण,उनके स्वरूप का ज्ञान, ध्यान, अध्ययन, कल्याण के कार्य आदि से मिलता है।यह प्रारंभ में तो सुखपूर्ण नहीं दिखाई देता लेकिन इन्हें करते रहने से अंत में दुखों का अंत होता है और सुखों की प्राप्ति हो जाती है। इन्हें सात्विक सुख भी कहा जाता है। ये शुरू में भले ही विष के समान दिखाई दें लेकिन परिणाम में अमृत लिए होते हैं।

अर्जुनः हे प्रभु! तब उन सुखों को क्या कहा जाएगा जो विषयों और इंद्रियों के संयोग से उत्पन्न होते हैं, जिन्हें भोगने की इच्छा मन में होती है और जिन्हें प्राप्त करने पर मन को संतुष्टि होती है।

श्री कृष्णः यह राजस सुख है अर्जुन! ये भोग अवधि में तो अमृत के समान प्रतीत होते हैं लेकिन अंततः अपने परिणाम में विष के जैसे हैं।

अर्जुनः कुछ ऐसे सुख भी हैं जो भोग काल में भी स्पष्ट रूप से नाशक होते हैं, फिर भी मनुष्य उन्हें ग्रहण करता है।ये परिणाम में भी दुखदाई होते हैं।

श्री कृष्णः हां, जो तुम कह रहे हो,वे तामस सुख हैं।

अर्जुन को द्यूत सभा का स्मरण हो आया जब दुर्योधन के कुटिल आमंत्रण को समझते हुए भी महाराज युधिष्ठिर ने दुर्योधन का निमंत्रण स्वीकार कर लिया था। एक राजा स्वयं को मिली चुनौती को कैसे अस्वीकार कर सकता है, भले ही वह द्यूत क्रीड़ा के निमंत्रण के रूप में ही क्यों न हो। इस प्रस्ताव को स्वीकार करने का परिणाम न सिर्फ पांडवों के लिए बल्कि पूरे देश के इतिहास के लिए अति भयंकर सिद्ध हुआ। पांडव मामा शकुनि की कुटिल चालों के आगे परास्त होते गए और युधिष्ठिर अपना सब कुछ हारते गए। अपना राजपाट हारने के बाद अंत में वे अपने भाइयों समेत स्वयं को हार गए। इसके बाद कौरवों के उकसाने पर उन्होंने द्रौपदी को ही दांव पर लगा दिया।

आधुनिक काल में विवेक से तामस सुख का अर्थ स्पष्ट करते हुए आचार्य सत्यव्रत ने कहा-मद्यपान, जुआ, अशोभनीय व्यवहार; ये सब ऐसे कार्य है जो प्रथम दृष्टि में भी विनाशक हैं लेकिन मनुष्य इन्हें ग्रहण कर एक छद्म सुख का अनुभव करता है और परिणाम में भी ये विनाशकारी होते हैं।

उधर श्री कृष्ण सहज कर्म की अवधारणा पर प्रकाश डाल रहे हैं। अर्जुन सोचने लगे, अपना कार्य किसी को अच्छा नहीं लगता। प्रत्येक व्यक्ति दूसरों की स्थिति को अपने से उत्तम मानता है। एक व्यक्ति जो व्यापार कर जीविकोपार्जन कर रहा है उसकी रूचि राजपुरुष बनने में होती है ताकि एक सुनिश्चित आय उसे प्रतिमाह प्राप्त हो सके।राजपुरुष राज दरबार की कठोर अनुशासन और व्यस्त दिनचर्या से बंधा महसूस करता है और उसकी इच्छा व्यापार कार्य को अपनाने की हो जाती है। अर्जुन यह अच्छी तरह जानते हैं कि प्रत्येक मनुष्य को उसकी रूचि का कार्य नहीं मिल सकता है और वह जो कार्य कर रहा है उसमें पूरी तरह सफल हो जाए, यह भी आवश्यक नहीं है।

जैसे अर्जुन के मन की बात पुनः पढ़ते हुए श्री कृष्ण ने कहा।

श्री कृष्णः अपना धर्म श्रेष्ठ है अर्जुन, अपना कार्य उत्तम है।अपना कार्य दूसरे के कार्य से भले ही गुण रहित और अधिक लाभदायक नहीं दिखाई देता, फिर भी वह श्रेष्ठ है।जैसे एक योद्धा के रूप में तुम्हारा स्वधर्म अभी युद्ध करना है। तुम्हें अपने इसी कार्य को धर्मयुद्ध मानना चाहिए भले ही इसमें हिंसा और रक्तपात स्वाभाविक है।तुम अपना यह कार्य छोड़कर युद्ध से पलायन नहीं कर सकते हो और संन्यास लेकर वन में जाना तुम्हें शोभा नहीं देगा। मैं तो यहां तक कहूंगा कि धर्म की रक्षा के स्थान पर तुम्हारा शस्त्र रख देना हिंसा है और जनकल्याण के लिए शस्त्र उठाना अहिंसा है।

(अपने आराध्य श्री कृष्ण से संबंधित द्वापरयुगीन घटनाओं व श्रीमद्भागवत गीता के श्लोकों व उनके उपलब्ध अर्थों व संबंधित दार्शनिक मतों पर लेखक की कल्पना और भक्तिभावों से परिपूर्ण कथात्मक प्रस्तुति)

# भारतीय ज्ञान परंपरा का पुनर्जीवन

ज्ञान का उद्देश्य जानकारी पाना ही नहीं होता। ज्ञान, विज्ञान और दर्शन में समस्त मानवता का हित निहित है। भारत में लगभग 5,000 वर्ष पहले से ही लोकमंगल हितैषी ज्ञान परंपरा है। ऋग्वेद के ज्ञान सूक्त में उल्लेख है, 'प्रारंभिक दशा में पदार्थों के नाम रखे गए। यह ज्ञान का पहला चरण है। इनका दोष रहित ज्ञान पदार्थों का गुण, धर्म आदि अनुभूति की गुफा में छुपा रहता है और अंतःप्रेरणा से ही प्रकट होता है।' वैदिक काल ज्ञान दर्शन का अरुणोदय काल है। यही परंपरा ऋग्वेद सहित चार वैदिक संहिताओं में विश्व की पहली ज्ञान सारिणी बनती है।

उत्तर वैदिक काल के उपनिषद दर्शन में खिलती है। फिर छह प्राचीन दर्शनों में जिज्ञासा एवं तर्क के साथ प्रकट होती है। यही बुद्ध और जैन दर्शनों में अभिव्यक्त होती है। इसी परंपरा में पाणिनि विश्व का पहला व्याकरण लिखते हैं। पतंजलि योगसूत्र और भाषा अनुशासन लिखते हैं। कौटिल्य अर्थशास्त्र लिखते हैं। वात्स्यायन कामसूत्र लिखते हैं। भरतमुनि नाट्यशास्त्र लिखते हैं। चरक और सुश्रुत संहिताएं आयुर्विज्ञान के आधारभूत ग्रंथ बनती हैं। ऐसे सभी विद्वान अपने पूर्ववर्ती आचार्यों का उल्लेख करते हैं। वे अपने कार्य को प्राचीन ज्ञान परंपरा से जोड़ते हैं। विज्ञान के विकास में गणित का विशेष महत्व होता है। एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटैनिका के अनुसार शून्य का अविष्कार संभवतः हिंदुओं ने किया था। शून्य और शून्य के स्थानगत मूल्यों की जानकारी वैदिक काल में थी। प्राचीन भारत में गीत, संगीत, चित्रकला और स्थापत्य सहित सभी ज्ञान अनुशासन फल-फूल रहे थे। ब्रिटिश राज में भारतीय ज्ञान परंपरा का सुनियोजित तिरस्कार हुआ। पश्चिमी ज्ञान और सभ्यता का प्रभाव बढ़ा। पश्चिम की प्रशंसा और भारतीय ज्ञान के प्रति हीन भाव पढ़ाया जाने लगा। इतिहास का विरूपण हुआ। समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र आदि मानविकी विषयों का आरंभ लैटिन उद्धरणों से होने लगा।

वेदों को 'चरवाहों के गीत' कहा गया। भारतीय दर्शन को भाववादी बताया गया। ब्रिटिश विद्वानों और उनके समर्थक भारतीयों ने दावा किया कि अंग्रेजी राज के पहले भारत राष्ट्र नहीं था और अंग्रेजों ने ही उसे राष्ट्र बनाया। गांधीजी ने इसका खंडन किया। ब्रिटिश सत्ता भारत को असभ्य बता रही थी। उन्होंने अपनी संसद को संसदीय व्यवस्था की जननी बताया। जबकि उसके हजारों वर्ष पहले वैदिक काल के दौरान भारत में सभा थी। समितियां थीं। राजव्यवस्था थी। राजा निर्वाचित होता था।

# गनपत भाई कफन वाले

**गिरीश ठक्कर 'स्वर्गीय'**



मैं और गनपत कब दोस्त बने, पता नहीं। पर हम दोनों में खुब बनती थी। साथ-साथ खेले पढ़े और प्रतिस्पर्धा की भावना पढ़ाई में, खेल में होने लगी। कॉलेज में साथ-साथ कामर्स की पढ़ाई करते-करते पता लगा, गनपत के पिता नहीं रहे । दुःख में साथ रहा, मिलना-जुलना धीरे-धीरे कम होने लगा, एक दिन पता लगा गनपत गाँव छोड़ कहीं परिवार सहित चला गया।

एक समय आया ससुराल पक्ष में गमी हो गई। ससुराल में न चाह कर भी जाना पड़ा। शहर से छोटा गाँव से बड़ा कस्बा कह सकते हैं। अभी अर्थी को ले जाने की पूरी तैयारी बाकी थी। कुछ लोग अर्थी का सामान लेने जा रहे थे। हम भी साथ हो लिए।

एक दुकान का बोर्ड देख माथा ठनका, पैदा होने से लेकर मरने के बाद तक का इन्तेजाम। नीचे लिखा था। हर धर्म प्रथा के रीति-रिवाज का सामान हमारे यहाँ उचित दाम से मिलता है। और भी बहुत सी सुविधा नीचे लिखी थी। जो बोर्ड पुराना होने के कारण पढ़ा नहीं गया।

मेरे आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा, उस दुकान का मालिक गनपत था। मैंने कहा अरे गनपत तू यहाँ कैसे? हमारे मेल मिलाप से लोग अचंभित थे। गनपत बड़े प्यार से मिला। हाल-चाल पूछा गमी होने वाले से मेरी रिस्तेदारी पूछी। फिर कहा तू ये कार्यक्रम निपटा मैं आता हूँ। मैने कहा घर देखा है। तो कहा इस गांव में ऐसा कोई घर नहीं जिसे मैं नहीं जानता।

शाम के सात बजे वो हमारे ससुराली घर में आ गया। सबसे ऐसे मिला जैसे घर से पुराना रिस्ता नाता हो। मैंने कहा चलो कहीं बाहर टहल कर आते हैं। मैंने पुराना इतिहास पूछा, यहाँ तक सफर कैसे तय किया। बताता हूँ दम धर। वो मुझे घुमाते हुवे अपने घर तक ले आया। मुझे एक अच्छे से ड्राईंग रूम में बैठाया। मैं उसके ठाठ बाट से प्रभावित था। मैं एक नौकरी पेसा क्लर्क कई किस्म के मेवे से सजा ट्रे साथ में ठंडे का गिलास मेरा मन खुश हो गया। आजकल तो शादी में भी इतना नहीं रखते। मैंने शरबत पीते-पीते पूछा ये दुकान कब खोल ली।

एक गहरी सांस ली फिर गनपत बोला यार बड़ी लम्बी कहानी है। उस समय तो तू था। यहाँ आया तो माँ भी चली गई। जाते जाते शादी करा गई थी। पत्नी अच्छी मिल गई। पर काम धाम कुछ ठीक नहीं था। कई काम किये पर सफलता नहीं मिली। एक समय की बात है। मैं जहाँ रहता था वहाँ एक घर में मौत हुई। और जितने नातेदार आए सब इस जगह से अनजान थे। सामान बटोरने में शाम हो गई। इसलिए दाह संस्कार दूसरे दिन करना पड़ा। इस बीच उनके सगे वालों से अच्छी खासी जमने लगी। एक ने बातों बातों में कहा यहाँ कोई दुकान नहीं जहाँ सारा सामान एक जगह मिल जाए। मेरा दिमाग चलने लगा। और मैं भिड़ गया।

दुकान भी औने-पौने मिल गई। इस दुकान का मालिक यहाँ बैठे-बैठे ही मर गया था। लोग इस जगह को अपसुगनी कहने लगे। मैंने ले ली। जो कुछ समझ आया, जोड़ता गया, चल निकली। शाम तक एक दो का सामान निकल ही जाता है। जो मांगों वो लोग दे जाते हैं। भाव ताव का झमेला नहीं। आदमी मरने के बाद भी पीछा कहाँ छोड़ता है। उसकी आत्मा की शांति के लिए कुछ न कुछ चलता रहता है। बीच में मैंने कहा, उसकी शांति की सामग्री तू देता है।

जब चाहो दुकान छोड़ कहीं भी जाओं, चोरी तो होने से रही। ऐसा तो सुना नहीं की कफन की चोरी होती है।

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा व अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। शान्ति व शील स्वभाव बेहद जरुरी है ।

**वृषभ** — आज दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। व्यस्तता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**मिथुन** — आज आपकी व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। आय होगी। प्रमाद न करें। पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कर्क** — आज आपका दिन सामान्य रहेगा व धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**सिंह** — पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्नता रहेंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**कन्या** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा और धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है।

**तुला** — आज आपका दिन अनुकूल रहेगा और सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शत्रु परास्त होंगे।

**वृश्चिक** — आज आप खुशनुमा रहेंगे और आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें। चोट व रोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में जल्दबान करें।

**धनु** — आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा । थौड़ा स्वास्थ्य पर ध्यान दें। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। किसी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

**मकर** — आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा । वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कोई आवश्यक समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद होने से बचें। व्यर्थ भागदौड़ होगी। कार्य में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में निश्चितता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा और पराक्रम बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। चोट व रोग से बचें। सुख के साधन जुटेंगे। प्रयास सफल रहेंगे।

**मीन** — आज आपका दिन उत्तम रहेगा व आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। प्रमाद न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे।

## शब्द सामर्थ्य -046


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 045 का हल**



# पंचायत सचिवों के धरना स्थल पर पहुंचे भाजपा नेता-दिया समर्थन

## कहा-ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे भूपेश ने ठगा नहीं, क्रमिक भूख हड़ताल जारी

डोंगरगांव (दावा)। पूरे प्रदेश में विगत 42 दिनों से आंदोलनरत ग्राम पंचायत सचिवों को अब तक कोई राहत नहीं मिल पायी है और 16 मार्च से लगातार धरना प्रदर्शन के बाद अब 24 अप्रैल से क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे सचिवों को ग्रामीणों और नेताओं का भी समर्थन मिलने लगा है. इसी क्रम में 26 अप्रैल बुधवार को क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश गांधी एवं मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता सचिवों के धरना स्थल पर पहुंचकर उनका नैतिक समर्थन किया है.



इस दौरान धरना स्थल पर उपस्थित सभी सचिवों से वार्तालाप कर उनकी समस्याओं को जाना और उन्हें सांत्वना देते हुए धैर्य रखने कहा. सचिवों को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी ने कहा कि ऐसा कोई सगा नहीं जिसे भूपेश सरकार ने ठगा नहीं. कांग्रेस ने चुनाव के समय 36 लक्ष्य रखकर घोषणा पत्र जारी किया था, जिसमें बेरोजगारों को भत्ता, नियमितीकरण और शराबबंदी से लेकर हॉफ बिजली सहित अनेक वादे किये गए थे, पर उन्हें पूरा करने के समय अनेक बाधा व नियमों का कानूनों को थोप दिया जिससे किसी को भी लाभ नहीं मिल पा रहा है. इन 36 घोषणाओं में सरकार एक भी वादा पूरा नहीं कर सकी है. उन्होंने सचिवों से कहा कि आप लोगो का मांग बड़ा नहीं है, शायद संख्या बल में कम होने की वजह से सचिवों को सरकार हल्के में ले रही है, लेकिन सचिव पूरे ग्राम प्रबंधन की रीड है और हमारा पूरा समर्थन है. सरकार की सभी योजनाएं पूरी तरह से फ्लॉप हो रही है, आपके साथ है और आपके लिए लड़ेंगे, भिड़ेंगे और आप लोगों के अधिकार दिलाने का प्रयास करेंगे. इस दौरान ब्लॉक सचिव संघ के उपाध्यक्ष नीलेश गुर्वे ने अपनी मांगों और समस्याओं के विषय में विस्तार ने उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेतागणों को बताया और उनका समर्थन प्राप्त किया और मीडिया प्रभारी शेराज खान ने आभार व्यक्त किया.

### क्रमिक भूख हड़ताल जारी

26 अप्रैल को डोंगरगाँव ब्लॉक में सचिव संघ की ओर से क्रमिक भूख हड़ताल में योगेश कुमार साहू, कोमल साहू, पूनमचंद साहू, विजय साहू, नरेन्द्र वर्मा, महेश सोनटेके, गंगाप्रसाद साहू, राजेश आर्य एवं हेमन्त साहू ने भूख हड़ताल कर इस आंदोलन को गति दी. वहीं सूची अनुसार 27 अप्रैल को लोकनाथ यदु, डेमन साहू, दौवाराम साहू, महासिंग बाघमारे, बिहारी मण्डावी, रामबिलास पटेल, बीरसिंग मण्डावी, येवेन्द्र साहू, कृष्णा साहू भूख हड़ताल पर रहेगें.

# वार्डवासियों के लिए मुख्यमंत्री भेंट मुलाकात कार्यक्रम दिखावा मात्र साबित हुआ



## मूलभूत सुविधाओं के लिए तहसील कार्यालय पहुंचे वार्डवासी

डोंगरगढ़ (दावा)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के डोंगरगढ़ प्रवास के दौरान भेट मुकालत कार्यक्रम में वार्ड विकास की 5 सूत्रीय प्रमुख मांग को वार्ड पार्षद श्रीमती शालिनी ताम्रकार द्वारा वार्ड वासियों की ओर से मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया था. किंतु आज दिनांक तक मूलभूत सुविधाओं से संबंधित मांग पर राजनीतिक भेदभाव के चलते नजर अंदाज कर दिया गया. इसे लेकर वार्ड नं 23 शिवाजी वार्ड के समस्त युवा वार्डवासियों द्वारा वार्डपार्षद श्रीमती शालिनी ताम्रकार के मार्गदर्शन में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुमित ताम्रकार के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय का घेराव कर नायब तहसीलदार को मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा.

ज्ञापन में वार्ड से संबंधित प्रमुख समस्या के संबंध में कहा गया है कि वार्ड के निवासियों को शासन की योजना के तहत आज पर्यंत स्थाई पट्टा नहीं दिया गया है. आवागमन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए,शाहिद द्वार से चौथना खार तक सड़क डामरीकरण की मांग आज पर्यंत लंबित है. आम निस्तारी के उपयोग मैं आने वाले तालाब के सौंदरीकरण का प्रयास विगत अनेक वर्षों से किया जा रहा है.

डबरी में गार्डन व ओपन जिम निर्माण से सभी के स्वास्थ्य वर्धक गतिविधियों में इजाफा होगा.आंगनबाड़ी केन्द्र भवन की मांग आज भी लंबित है.इस अवसर पर वार्ड के राजू सतपूते,कमल देवांगन, अवनीश ठाकुर, सचिन वर्मा, पवन वर्मा, सत्यम यादव, दुर्गेश वर्मा, राम यदु, हेमंत मांडवी, धर्मेंद्र पटेल, दीपक यादव, रितेश वर्मा, रवि देवांगन, अमित यादव, गोलू रजक, शेखर विषकर्मा, सुनील जांघेंल, चेतन यादव, पप्पू राजपूत, संजय सिन्हा, शेखर सेंगर, गाविश साहू, शिंकू देवांगन, शुभम सहारे, विकास सहारे, डिकेश साहू, भोलू साहू,जितेंद्र यूके, महेश यादव, महेश सहारे, तनु विराम, हरीश सिन्हा आदि उपस्थित थे.

# पिनकापार स्कूल का वार्षिक परिणाम घोषित



हरदी (दावा)। शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम पिनकापार, जिला बालोद के 9वीं और 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम सत्र 2022-23 परीक्षाफल 24 अप्रैल को घोषित किया गया। इस वर्ष भी परीक्षाफल में लड़कियों का वर्चस्व रहा। कक्षा नवमी का परीक्षाफल 63 प्रतिशत और ग्यारवीं का 71 प्रतिशत रहा। कक्षा 11वीं से कु. ईशा आत्मज चेतन साहू खामतराई 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही एवं कु. सुषमा आत्मज विनोद कौशिक पिनकापार 88त्न अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही। इसी प्रकार कु. सोनल आत्मज भगवान देवांगन 84त्न अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 9वीं में भी कु. कविता आत्मज सेवाराम साहू खामतराई 91 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम और कु. जीनल आत्मज विनोद कौशिक पिनकापार 88 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय रही। इसी तरह से ऋषभ निषाद आत्मज छन्नू निषाद पिनकापार 86त्नअंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। प्राचार्य और स्टाफ के शिक्षक व्याख्याताओं व पालकों ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और भविष्य में अच्छे प्रदर्शन की कामना की।

# कलेक्टर के हाथों पूरा डोंगरगढ़ शिक्षा महकमा सम्मानित

(मेनेन्द्र सिंह कुंजाम)



कलकसा (दावा)। शासकीय विद्यालयों में अध्ययन/अध्यापन को डिजीटलाइजेशन एवं रूचिकर बनाने के उद्देश्य से राजनांदगांव जिले के समस्त शासकीय विद्यालयों में जनसहयोग से स्मार्ट टीवी की उपलब्धता हेतु अनुकरणीय पहल कलेक्टर डोमन सिंह द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी महोदय राजेश सिंह के समक्ष एक लक्ष्य के रूप में रखा गया और पूरे राजनांदगांव जिले का शिक्षा अमला इसे एक मिशन के रूप में स्वीकार करते हुए इस मिशन को पूरा करने हेतु विद्यालय के शिक्षक से लेकर संकुल समन्वयक, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक से लेकर जिला स्त्रोत समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी तक इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु तन-मन-धन, लगनशीलता एवं समर्पित भावना से कार्य करते हुए कुछ ही दिनों में इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता अर्जित कर लिया जिसके फलस्वरूप आज पूरे राजनांदगांव जिले के समस्त विद्यालयों में स्मार्ट टीवी के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने में पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में अग्रणी जिला राजनांदगांव के रूप में उभर कर सामने आया है। जो पूरे जिले के शिक्षा महकमे के लिए गौरवान्वित होने का विषय है।

इसी तारतम्य में आज 25 अप्रैल 2023 को इस असंभव कार्य को संभव करने वाले डोंगरगढ़ विकासखंड के विकासखंड शिक्षा अधिकारी एफ.आर. कोसरिया, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती विरेन्द्र कौर मांगट विकास खंड स्त्रोत समन्वयक महेन्द्र श्रीवास्तव साथ ही इस मिशन में महती भूमिका निभाने वाले डोंगरगढ़ विकासखंड के समस्त उर्जावान संकुल समन्वयकों को कलेक्टर डोमन सिंह के करकमलों से प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जो डोंगरगढ़ शिक्षा विभाग के लिए बहुत ही गौरव का विषय है। इस हेतु डोंगरगढ़ विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं समस्त संकुल समन्वयकों द्वारा कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

ज्ञात हो कि वर्तमान में स्मार्ट टीवी का शैक्षिक उपयोग जिला समग्र शिक्षा कार्यालय राजनांदगांव द्वारा प्रदत्त शैक्षिक सामग्री जिसमें पूरा पाठ्यक्रम समाहित है। के माध्यम से समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया जा रहा है।

# त्रि-दिवसीय सदज्ञान यज्ञ समारोह आयोजित



विधायक छन्नी चंदू साहू ने संतों से लिया आशीर्वाद

राजनांदगांव (दावा)। खुज्जी विधानसभा के छुरिया क्षेत्र के ग्राम कल्लूटोला में त्रि दिवसीय सदज्ञान यज्ञ समारोह आयोजित हुआ। यहां प्रखर क्रांतिकारी संत रामशंकर साहेब जी, बिहार संत गुरमुख साहेब, शीतल साहेब भूषण साहेब, आदित्य साहेब जी का प्रवचन कार्यक्रम हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने कथा श्रवण का लाभ लिया। इस सदज्ञान यज्ञ समारोह के माध्यम से संत कबीर की उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

इस त्रि-दिवसीय पावन आयोजन में मंगलवार को खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने भी शिरकत की। यहां उन्होंने संतों का आशीर्वाद लिया और उनका प्रवचन सुन कर धर्म लाभ लिया। संत कबीर के उपदेशों के माध्यम से संतों ने उपस्थित लोगों को जीवन के मूल्य, सार्थकता और उद्देश्यों की जानकारी दी। यह आयोजन 23 से 25 अप्रैल तक आयोजित हुआ। इस दौरान संतों ने कहा कि संत कबीर दास जी ने समाज में हो रहे अत्याचारों और कुरीतिओं को ख़त्म करने की बहुत कोशिश की, जिसके लिये उन्हें समाज से बहिष्कृत भी होना पड़ा, परन्तु वे अपने इरादों में अडिग रहे और अपनी अंतिम श्वास तक जगत कल्याण के लिये जीते रहे। भक्ति काल में जन्म ले कर उन्होंने ऐसी अद्भुत रचनाएँ की, कि वे अमर हो गए। उन्होंने अपना पूरा जीवन मानव मूल्यों की रक्षा और मानव सेवा में व्यतीत कर दिया वे शुरू से समाज में प्रचलित पाखंडों, कुरीतियों, अंधविश्वास, धर्म के नाम पर होने वाले अत्याचारों का खंडन और विरोध करते थे, और शायद यही वजह है की इन्होंने निराकार ब्रह्म की उपासना की।

संतों ने कहा कि कबीर दास जी के भजन और दोहे आज भी घर-घर में बजाये जाते हैं और यह प्रदर्शित करता है की वे अपने आप में एक बहुत बड़े महात्मा थे। उनका मानना यह था की सब जाती, धर्म एक है और हम सब के अन्दर खुदा या भगवन का वास है, इस लिये स्वयं के विचार शुद्ध रखो यही सबसे बड़ी भक्ति है। विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू साथ उक्त कार्यक्रम में पूर्व विधायक प्रकाश यादव, आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज अध्यक्ष रघुवीर सेवता, सरपंच हौसी लाल, युवना हिरवानी साहू भी मौजूद रहे।

# मक्का फसल के समर्थन मूल्य में खरीदी करने की मांग को लेकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

मोहला (दावा)। जिला भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने किसानो के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ मक्का फसल के समर्थन मूल्य में खरीदी करने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।



जिला भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष व जिला पंचायत सभापति नरसिंह भंडारी ने बताया कि हमारे मोहला मानपुर चौकी जिला में किसानो के द्वारा रबी और खरीब की फसल में किसानो के द्वारा 2000 हेक्टेयर में मक्का की बोनी की जाती है। जिसके लिये सरकार द्वारा समर्थन मूल्य का दर 1962 रूपए निर्धारित किया गया है । लेकिन बाजार में व्यापारियों द्वारा 1600-1700 क्विंटल में खरीदी की जा रही है जिससे किसानो को 300-400 रूपए प्रति क्विंटल का नुकसान उठाना पढ़ रहा है ।इस तरह से किसानों के साथ हो रहे अन्याय और आर्थिक शोषण के खिलाफ भाजपा किसान मोर्चा के जिला पदाधिकारियों ने कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपा ।

> किसानों के साथ हो रहे अन्याय के लिये राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा करेंगे उग्र आन्दोलन - नरसिंह भंडारी

ज्ञापन सौंपने के दौरान किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मोहला गैदलाल धोसरे, किसान मोर्चा मानपुर उत्तम घावड़े, मनोज नेताम, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष लखन कलामे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष देवप्रसाद नेताम, जिला महामंत्री नम्रता सिंह,किसान मोर्चा महामंत्री द्वय शेखर मानिकपूरी,कनक राम राणा, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा मोनूवर्मा, गोपाल उसारे, राजु डोंगरे, प्रकाश मिश्रा, सुंदर डोंगरे, सौरभ यादव, डेविड नन्दा, अनुराग कन्नौजे, देवेन्द्र शाह अतरामे, कोमल राजपूत, अश्वनी मन्डावी, रमेश हिड़ामे उपस्थित थे।

# पीएमश्री योजना में मोरकुटुम्ब स्कूल शामिल ग्रामीणों ने कलेक्टर का किया आभार

छुरिया (दावा)। केंद्र सरकार की पीएमश्री योजना के लिए छुरिया विकासखंड के प्राथमिक शाला मोरकुटुम्ब का चयन हुआ है। इस योजना अंतर्गत स्कूल को माडल बनाया जायगा।



सुविधाओं में विस्तार होगा। इस उपलब्धि से शाला परिवार व ग्रामीणों में काफी हर्ष का माहौल है। आज ग्रामीणों ने अपने व्यक्तिगत जीवन से समय निकालकर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष कलेक्टर के द्वार पहुंचे और कलेक्टर डोमन सिंह से आत्मीय मुलाकात कर अपने गांव के स्कूल को पीएमश्री योजना में शामिल किये जाने पर कलेक्टर का आभार जताया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि परमानंद कुंजाम, मयाराम साहू, ज्ञानसिंग सोरी, परसूराम मंडावी, हरदेव कतलाम, धनवाराम पड़ोटी, सुंदर मंडावी, चैनसिंग सोरी, जयसिंग सोरी, राजू कुंजाम, अनिता सोरी, कुलेश्वरी यादव, विशाखा साहू,गौरी बाई, कुवरिया बाई, कमलेश्वरी साहू, संतोषी बाई सहित अन्य ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## मोहनपुर में 29 को कृषक चौपाल कार्यक्रम

डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के वनांचल ग्राम मोहनपुर में कृषक जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन 29 अप्रैल दिन शनिवार को रखा गया है. जिसके मुख्य अतिथि नवाज खान जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष होंगे. आसपास के समस्त किसान भाइयों को इस कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई है. यह जानकारी ब्लाक कांग्रेस सदस्य चंद्रकांत सिन्हा द्वारा दी गई.

## गर्मी में पारीकला गांव में पानी का संकट

राजनांदगांव (दावा)। गर्मी के दिनों में शहर में जहां जल संकट विद्यमान है। वही ग्रामीण क्षेत्र भी अछूता नहीं है। शहर से लगे ग्राम पारीकला ग्राम पंचायत इन दिनों पानी की संकट को झेल रहा है। ग्रामवासियों ने बताया कि ग्राम पंचायत पारीकला में टंकी बनाकर नल-जल योजना पूर्ण कर दिया गया है। इससे जल प्रदाय कार्य भी शुरू हो गया है, किन्तु ग्राम के कुछ वार्डों में जल संकट अभी भी बना हुआ है। रेल्वे ट्रेक के इस पार वार्ड क्रं. 13, 14, 15, 16 में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। इससे ग्रामवासियों को इस भीषण गर्मी के दिनों में पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। वार्ड में जलापूर्ति नहीं होने से बेजार ग्रामवासियों ने इन्हें जल्द ही पेयजल संकट से उबारने की गुहार लगाई है।

# नलिनी को मिली राजनांदगांव विधानसभा की जिम्मेदारी

कलकसा (दावा) । प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश कार्यालय राजीव भवन रायपुर में 24 अप्रैल सोमवार को महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष एवम राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक ली जिसमें उन्होंने प्रदेश के पूरे 90 विधानसभा के महिला कांग्रेस के प्रभार सौंपे है।



उक्त बैठक में प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव नलिनी मेश्राम को पार्टी के प्रति निरंतर सक्रियता को देखते हुए राजनांदगांव विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। श्रीमती मेश्राम के विधानसभा प्रभारी बनने पर जिले के समस्त कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में हर्ष देखा जा रहा है। नवनियुक्त राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी श्रीमती मेश्राम ने चर्चा में बताया कि प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलों देवी नेताम द्वारा मुझे जो राजनाँदगांव जिला का प्रभारी बनाकर जो दायित्व सौंपा गया है। उसके अनुरूप पार्टी के प्रति पूरी निष्ठा व लगन से कार्य करूंगी और कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति व जनहित योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हमेशा अग्रसर रहूंगी।

उन्होंने इसके लिए प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

# 76 वां पड़ाव- तेज अंधड़, बारिश के बीच कानीमेरा में जुटे धर्मयात्री, हनुमान भक्त युवाओं ने किया अभूतपूर्व स्वागत

खैरागढ़/ छुईखदान (दावा)। तेज़ अंधड़,बारिश और बदलते मौसम के बावजूद हनुमान भक्तों की धर्म यात्रा जारी रही। 76 वें पड़ाव में ब्लॉक के कानी मेरा में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ।



एक तरफ आंधी चलती रही,बारिश होती रही, बिजली बंद रही पर सुंदरकांड का पाठ नहीं थमा। हनुमान भक्त युवाओं ने कानिमेरा के हरीचंद साहू, कौशल साहू, युवरज साहू, हेमेन्द्र चंदेल, तरुण चंदेल, घनश्याम चंदेल, देवेन्द्र साहू, दिकेन्द्र चंदेल, धनंजय चंदेल, आशीष चंदेल, उत्तम चंदेल, आनन्द चंदेल, लकेश्वर सिरादर, सोमेश सिरदार पुष्कर चंदेल, मोहित मंडावी, घनश्याम साहू, तुलेश चंदेल, हर्ष चंदेल, लोमश सिरदार, दीपेश विश्वकर्मा, भोजेन्द्र चंदेल, दुखु मंडावी, अमन चंदेल, टिकेंद्र चंदेल, संजय साहू, पिंकू सारथी, उमेश वर्मा, बलराम निषाद, हेमंत सारथी बारिश के बीच में व्यवस्था संभाली। जय श्रीराम के नारों के बीच भगवा ध्वज का धर्म ग्राम कानिमेरा में स्वागत हुआ। धर्मयात्रा में छुईखदान जनपद की अध्यक्ष नीना ताम्रकार, विनोद ताम्रकार सहित अन्य शामिल हुए।

### छुईखदान से पहुंचें सैकड़ों धर्मयात्री

छुईखदान ब्लॉक में सतत धर्म यात्रा का संयोजन कर रही श्री जगन्नाथ सेवा समिति की पूरी टीम भी कानिमेरा में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा के पाठ में शामिल हुई। समिति के अध्यक्ष आदित्य देव वैष्णव धर्मयात्रियो के लिए सतत वाहन के रूप में बस उपलब्ध करा रहे हैं।

### उदयपुर में होगा 77 वां पड़ाव

यात्रा का 77 वां पड़ाव अगले मंगलवार को उदयपुर में आयोजित होगा। मां शीतला मंदिर स्थापना के अवसर पर देर शाम बड़ी संख्या धर्मप्रेमी जुटेंगे। जिसमें प्रख्यात भजन गायिका डॉ. विधा सिंह राठौर सहित उनकी टीम शामिल होगी और हनुमत व देवी भजनों की प्रस्तूति देंगीं।

### धर्मयात्रियों ने किया सकारात्मक परिवर्तन को अनुभव

धर्म यात्रा प्रमुख भागवत शरण सिंह ने 76 मंगलवार से जारी धर्म यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धर्म की यह सतत यात्रा चमत्कारों से परिपूर्ण रही है। सामूहिक सुंदरकांड में शामिल प्रत्येक धर्मयात्री ने अभूतपूर्व सकारात्मक परिवर्तन का अनुभव किया। भागवत शरण ने कहा कि हमें धर्म के लिए खड़ा होना सीखना होगा। धर्मांतरण रूपी कोढ़ को हिंदू समाज के बीच से उखाड़ फेंकना होगा। सनातन धर्म में परिपूर्ण हैं। जो प्रकृति सेवा से लेकर जीव सेवा तक का संदेश देती है।।

# विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन




खैरागढ़ (दावा)। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर कलेक्टर जिला केसीजी डॉ. जगदीश सोनकर के नेतृत्व व डॉ. रवि शंकर सत्यार्थी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के मार्गदर्शन में दोनों विकासखंड खैरागढ़ व छुईखदान के विभिन्न ग्रामों में मलेरिया उन्मूलन एवं बचाव हेतु जागरूकता शिविर लगाए गए एवं रैली निकाली गई।

इस अवसर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों द्वारा विभिन्न ग्रामों में मलेरिया से बचाव हेतु मच्छरदानी लगाने हेतु एवं घर के आसपास एवं ग्रामों में साफ सफाई पोखरो एवं स्थिर पानी की सफाई, जमे पानी में जला हुआ मोबिल ऑयल डालने हेतु एवं पूरे आस्तीन के कपड़े पहनने हेतु बताया गया। वनांचल क्षेत्रों के ग्रामों में मलेरिया हो जाने पर तत्काल उपचार की सुविधा उपलब्ध है। अतः ग्रामीणों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर उपचार करने हेतु बताया गया।

## संक्षिप्त खबरें...

### ओडिशा सरकार ने हॉकी इंडिया के साथ समझौते का विस्तार किया

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम (सीनियर और जूनियर) के प्रायोजन समझौते को 10 वर्षों तक बढ़ा दिया है।

राज्य सरकार के खेल विभाग से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, ओडिशा सरकार 2033 तक भारतीय टीमों को प्रायोजित करेगी। इस समझौते के तहत ओडिशा सरकार अगले 10 वर्षों में भारतीय टीमों पर कुल 434.12 करोड़ का व्यय करेगा।

ओडिशा सरकार ने विज्ञप्ति में कहा, ओडिशा सरकार हॉकी के खेल की प्रमुख प्रवर्तक रही है और हॉकी इंडिया के साथ राज्य की साझेदारी ने देश में इस खेल के पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टोक्यो ओलंपिक में दोनों टीमों की उपलब्धियां, जहां पुरुषों की टीम ने 41 साल बाद कांस्य पदक जीता और महिला टीम पहली बार सेमीफाइनल में पहुंची, महत्वपूर्ण उपलब्धि रही है।

ओडिशा सरकार 2018 से पुरुष और महिला दोनों राष्ट्रीय हॉकी टीमों की आधिकारिक प्रायोजक रही है। इससे पहले, ओडिशा माइनिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएमसी) ने भारतीय हॉकी टीमों के प्रायोजन के लिये हॉकी इंडिया के साथ पांच साल का समझौता किया था।

### रुपया 17 पैसे मजबूत

मुंबई। शेयर बाजार की तूफानी तेजी के साथ ही आयातकों और बैंकरों की बिकवाली की बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 17 पैसे मजबूत होकर 81.90 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 82.07 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था।

शुरुआती कारोबार में रुपया 82.07 रुपये प्रति डॉलर पर सपाट खुला। सत्र के दौरान बिकवाली होने से यह 81.90 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंचा और इसी स्तर पर बंद भी हुआ। हालांकि लिवाली के दबाव में यह 82.10 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

### पाकिस्तान में महिला डांसर की गोली मारकर हत्या

पेशावर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 26- वर्षीया मशहूर 'स्टेज डांसर' की उसके पूर्व पति ने कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सोमवार को पंजाब के हाफिजाबाद जिले में हुई। पुलिस के अनुसार, मुल्तान जिले की एक स्टेज डांसर मुनाजा मुल्तानी उर्फ आशी सोमवार को हाफिजाबाद शहर में अपने घर पर थी, तभी उसका पूर्व पति जुबैर अपने पांच साथियों के साथ उसके घर में घुस गया और उसकी गोली मारकर हत्या कर दी।

मुल्तानी की मां शाहिदा बीबी ने पुलिस को बताया कि जुबैर और मुल्तानी को एक बेटा भी है। उन्होंने कहा, ÷जुबैर ने पिछले साल मुनाजा मुल्तानी को तलाक दे दिया था और वह बच्चे की अभिरक्षा की मांग कर रहा था। उसने (जुबैर ने) मुल्तानी को पेशा (स्टेज डांसिंग) न छोड़ने के कारण तलाक दे दिया था।÷ पुलिस ने बताया कि उसके हत्यारों ने उसके चेहरे पर गोली मारी। पुलिस के अनुसार, जुबैर और पांच अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और संदिग्धों को गिरफ्तार करने के लिए एक पुलिस टीम का गठन किया गया। पिछले कुछ वर्षों के दौरान पंजाब प्रांत में कई युवा अभिनेत्रियों/डांसर को उसके पूर्व पतियों या प्रेमियों द्वारा हत्या कर दी गई है।

### शेयर बाजार - सेंसेक्स 170 अंकों के उछाल के साथ बंद हुआ

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार के लिए बुधवार का कारोबारी सत्र बेहतर रहा है. सुबह की गिरावट के बाद बाजार में खरीदारी लौटी जिसके चलते लगातार तीसरे दिन बाजार हरे निशान में बंद हुआ. बीएसई सेंसेक्स 170 अंकों के उछाल के साथ 60,300 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 44 अंकों के उछाल के साथ 17,814 अंकों पर बंद हुआ है.

आज के ट्रेड में बैंकिंग ऑटो, आईटी, एफएमसीजी, इंफ्रा जैसे सेक्टर के शेयरों में खरीदारी देखी गई. जबकि मेटल्स, एनर्जी सेक्टर. हेल्थकेयर और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में गिरावट रही है. आज के ट्रेड में मिडकैप और स्मॉल कैप शेयरों में भी खरीदारी देखने को मिली है. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 21 शेयर तेजी के साथ और 9 शेयर गिरावट के साथ बंद हुआ.

# कोलकाता ने बैंगलोर को 21 रन से हराया, विराट कोहली के अर्धशतक पर भारी जेसन-नीतीश की पारी



बैंगलूरू। इंडियन प्रीमियर लीग 2023 का 36वां मैच बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया। अहम मुकाबले में केकेआर ने आरसीबी को 21 रन से हरा दिया। कोलकाता नाइट राइडर्स के 20 ओवर में 5 विकेट पर 200 रन के जवाब में आरसीबी 20 ओवर मे 8 विकेट के नुकसान पर 179 रन ही बना सकी। इस मैच में आरसीबी के लिए फाफ डू प्लेसी एक बार फिर इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में खेले और कप्तानी कोहली ने की। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए पारी की शुरुआत कोहली और फाफ डू प्लेसीस ने की। आरसीबी को को तीसरे ओवर में 31 के स्कोर पर पहला झटका लगा। लेग स्पिनर सुयश शर्मा ने फाफ डुप्लेसिस को रिंकू सिंह के हाथों कैच कराया। वह सात गेंदों में 17 रन बना सके। नंबर तीन पर आए शाहबाज पांच गेंदों में दो रन बना सके। सुयश ने अपने लगातार दूसरे ओवर में दूसरा विकेट लिया। इसके बाद 58 के स्कोर पर बैंगलोर को तीसरा झटका लगा। वरुण चक्रवर्ती ने ग्लेन मैक्सवेल को डेविड वीज के हाथों कैच कराया। वह चार गेंदों में पांच रन बना सके। बैंगलोर को 113 के स्कोर पर चौथा झटका लगा। वरुण चक्रवर्ती ने महिपाल लोमरोर को रसेल के हाथों कैच कराया। लोमरोर 18 गेंदों में 34 रन बना सके। केकेआर के सबसे बड़ी सफलता विराट कोहली के रूप में मिली। 13वें ओवर में 115 के स्कोर पर पांचवां झटका लगा। आंद्रे रसेल ने विराट कोहली को वेंकटेश अय्यर के हाथों कैच कराया। वह 37 गेंदों में छह चौके की मदद से 54 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले आरसीबी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 200 रन बनाए। केकेआर की ओर से जेसन रॉय ने 29 गेंद में 56, एन जगदीशन ने 29 गेंद में 27, वेंकटेश अय्यर ने 26 गेंद में 31 और नितीश राणा ने 21 गेंद में 48 रन बनाए। रिंकू सिंह 10 गेंद में 18 और डेविड विसे 3 गेंद में 12 रन बनाकर नाबाद रहे। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की ओर से वानिंदु हसरंगा ने 24 रन और विजय कुमार वैसाख ने 41 रन देकर 2-2 विकेट लिए। सिराज ने 33 रन देकर एक विकेट लिया।

## ऋषभ पंत के वर्ल्ड कप खेलने पर भी लटकी तलवार



नई दिल्ली। ऋषभ पंत की क्रिकेट के मैदान में कब वापसी होगी। इस बारे में अब तक कोई जानकारी नहीं मिली है। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज का दिसंबर में गंभीर कार एक्सीडेंट हो गया था, जिसके बाद वो ठीक होने में जुटे हुए हैं। पंत हाल ही में अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में मैच देखने आए थे, तब वो बैसाखी के सहारे चल रहे थे।

ऋषभ पंत के बारे में ताजा जानकारी है कि वो सितंबर में होने एशिया कप और इस साल भारत में होने वाले वर्ल्ड कप में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। क्रिकबज की रिपोर्ट में बताया गया है कि पंत अगर बहुत जल्द मैदान पर वापसी करना चाहेंगे तो जनवरी तक ठीक होकर लौट पाएंगे। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पंत के करीबी ने जानकारी दी कि विकेटकीपर बल्लेबाज को बिना सहारे चलने में कुछ सप्ताह लगेंगे।

बीसीसीआई ने पहले कहा था, 'ऋषभ पंत की रिकवरी प्रक्रिया में सभी चीजें की जा रही हैं। इस दौरान उन्हें जो भी समर्थन चाहिए, वो मुहैया कराई जा रही हैं।' पंत ने जनवरी में लिगामेंट टियर की सर्जरी कराई थी। ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि पंत को दूसरी सर्जरी से गुजरना पड़ेगा।

बता दें कि ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में केएस भरत ने टेस्ट प्रारूप में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली है जबकि सीमित ओवर क्रिकेट में केएल राहुल इस जिम्मेदारी को निभाते हुए नजर आए।ग

## नियम तोड़ने वालों के ट्वीट्स के साथ कुछ ऐसा कर रहा है ट्विटर

नई दिल्ली। ट्विटर ने कहा कि उसने उन ट्वीट्स पर लेबल लगाना शुरू कर दिया है, जिन्हें उसके नियमों का उल्लंघन करने के लिए फ्लैग किया गया है, ताकि प्लेटफॉर्म पर उनकी दृश्यता कम हो सके। माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने पिछले हफ्ते कहा था कि वह अपनी नीतियों का उल्लंघन करने वाले दुर्भावनापूर्ण ट्वीट्स पर लेबल लगाएगा। ट्विटर ने कहा, सेंसरशिप। शैडोबैनिंग। बोलने की स्वतंत्रता, पहुंच नहीं। हमारे नए लेबल अब लाइव हैं। मंच ने पहले कहा था कि वह ट्वीट्स पर होने वाली प्रवर्तन कार्रवाइयों में अधिक पारदर्शिता जोड़ रहा है। पहले कदम के रूप में, जल्द ही आप कुछ ट्वीट्स पर लेबल देखना शुरू कर देंगे, जो संभावित रूप से घृणित आचरण के आसपास हमारे नियमों का उल्लंघन करते हुए पहचाने जाते हैं, आपको बताते हैं कि हमने उनकी दृश्यता को सीमित कर दिया है। ये कार्रवाइयां केवल ट्वीट के स्तर पर की जाएंगी और किसी उपयोगकर्ता के खाते को प्रभावित नहीं करेंगी। कंपनी ने कहा कि ट्वीट्स की पहुंच को प्रतिबंधित करने से बायनरी 'लीव अप बनाम टेक डाउन' कंटेंट मॉडरेशन निर्णयों को कम करने में मदद मिलती है जो हमारे भाषण की स्वतंत्रता बनाम पहुंच की स्वतंत्रता का समर्थन करता है। कंपनी ने कहा कि यह कभी-कभी गलत हो सकता है, इसलिए लेखक लेबल पर प्रतिक्रिया देने में सक्षम होंगे यदि उन्हें लगता है कि हमने उनके कंटेंट की दृश्यता को गलत तरीके से सीमित कर दिया है।

## एक किलो गांजा रखने वाले तमिल व्यक्ति को मिली फांसी की सजा

सिंगापुर। सिंगापुर में बुधवार को भारत मूल के एक व्यक्ति को गांजा तस्करी करने के लिए फांसी दे दी गई। मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम को लेकर दुनिया भर के अलग-अलग देशों में कड़े कानून बनाए गए हैं। हाल ही में सिंगापुर का एक मामला सामने आया था जहां एक शख्स को सिर्फ इसलिए मौत की सजा सुनाई गई क्योंकि उसने गांजा तस्करी की साजिश रची थी।

बता दें कि फांसी नहीं देने को लेकर तंगाराजू के परिवार ने राष्ट्रपति से अपील की थी, लेकिन राष्ट्रपति की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। 46 साल के तंगाराजू सुप्पैया को नशीली दवाओं के सेवन करने और ड्रग तस्करी के आरोपों के बाद साल 2014 में गिरफ्तार किया गया था।

तंगाराजू सुप्पैया को 1 किलो भांग की तस्करी करने के मामले में 9 अक्टूबर साल 2018 में दोषी ठहराया गया था और उसे कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई थी। सिंगापुर में ड्रग्स को लेकर कड़े कानून हैं। तंगाराजू ने अपने बचाव में कोर्ट से कहा था कि वह ड्रग तस्करी में शामिल नहीं था और ना ही उसने तस्करी के लिए किसी से बात की थी, लेकिन कोर्ट ने तंगाराजू के इस तर्क को खारिज कर दिया।

## सुनील गावस्कर ने रोहित शर्मा को दी ब्रेक लेने की सलाह



नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस को मंगलवार रात गत चैंपियन गुजरात टाइटंस से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। अहमदाबाद में खेले गए मैच में टीम को 55 रनों के बड़े अंतर से हार मिली। मैच में मुंबई इंडियंस की बल्लेबाजी काफी निराशाजनक रही।

मुंबई इंडियंस की ये चौथी हार थी और वह सांतवे पायदान पर पहुंच गई है। इस हार के बाद पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने टीम के बैटिंग ऑर्डर पर सवाल उठाए हैं और कप्तान रोहित शर्मा को भी कुच मैचों के लिए ब्रेक लेने की सलाह दी है। गावस्कर की ऐसा कहने के पीछे की वजह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप है।

स्टार स्पोर्ट्स पर बातचीत करते हुए गावस्कर ने कहा, 'मैं मुंबई इंडियंस के बैटिंग ऑर्डर में कुछ बदलाव देखना चाहूंगा। सही कहूं तो मैं चाहता हूं कि कुछ समय के लिए रोहित शर्मा भी एक ब्रेक ले लें और खुद को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए फिट रखें। इसके बाद वह आखिरी के कुछ मैचों के लिए वापसी कर सकते हैं। लेकिन फिलहाल उन्हें एक छोटे से ब्रेक की सख्त जरूरत है। वह फिलहाल काफी ज्यादा बेचैन लग रहे हैं। हो सकता है कि वह इस समय वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के बारे में सोच रहे हों, मुझे नहीं पता।' उनके मुताबिक मुंबई इंडियंस को अब कई चमत्कार ही प्लेऑफ में ले जा सकता है।

## तंबाकू-गुटखा पर बैन, सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक



नई दिल्ली । तंबाकू-गुटखा का सेवन करने वालों के लिए बड़ी खबर आई है। सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें तमिलनाडु में गुटखा और अन्य तंबाकू आधारित उत्पादों की बिक्री, निर्माण और परिवहन पर रोक लगाने वाली मई 2018 की अधिसूचना को रद्द कर दिया गया था।

तमिलनाडु सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अतिरिक्त महाधिवक्ता अमित आनंद तिवारी ने न्यायमूर्ति के.एम. जोसेफ से कहा कि स्वास्थ्य राज्य का विषय है और गुटखा और अन्य तंबाकू आधारित उत्पादों की बिक्री, निर्माण और परिवहन पर लगाए गए प्रतिबंध को सही ठहराने वाले एक शीर्ष अदालत के निर्देश का हवाला दिया। अगर इसे आसान भाषा में समझा जाए तो अभी भी बैन जारी रहेगा। कोर्ट का स्पष्ट मानना है कि नागरिकों की हेल्थ पहले जरूरी है।

सिब्बल ने तर्क दिया कि राज्य के खजाने पर स्वास्थ्य के मुद्दों का बोझ है, जो तंबाकू चबाने के परिणामस्वरूप उत्पन्न होते हैं और सरकार को अपने नागरिकों के स्वास्थ्य की देखभाल करने का पूरा अधिकार है। राज्य सरकार ने तर्क दिया था कि खाद्य सुरक्षा आयुक्त के गुटखा और अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री, भंडारण, निर्माण पर प्रतिबंध लगाने के आदेश खाद्य सुरक्षा और मानक (बिक्री पर प्रतिबंध और प्रतिबंध) विनियम, 2011 के विनियम 2.3.4 द्वारा समर्थित हैं। पीठ में शामिल न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना ने 20 जनवरी को पारित उच्च न्यायालय के आदेश पर यह कहते हुए रोक लगा दी। राज्य सरकार ने आक्षेपित निर्णय पर रोक लगाने के लिए मामला बनाया है। शीर्ष अदालत ने निर्माताओं को उपयुक्त मंच से संपर्क करने की अनुमति दी।

## मुकेश अंबानी ने अपने राइट हैंड को गिफ्ट किया 1,500 करोड़ रुपये का फ्लैट



मुंबई। अपने दोस्त और कर्मचारियों को उपहार में यूं तो सभी कुछ न कुछ देते हैं, लेकिन अगर उसकी कीमत करोडों में हो तो उसकी खबर बन जाती है। मनोज मोदी के साथ यही हुआ। आज हर कोई गूगल पर मनोज मोदी सर्च कर रहा है। आप सोच रहे होंगे ये मनोज मोदी कौन है। दरअसल, मनोज मोदी मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्री के सबसे पुराने कर्मचारी हैं और मुकेश अंबानी ने उन?हें 1500 करोड़ का घर का आलीशान घर उपहार में दिया है।

### कौन हैं मनोज मौदी?

मनोज मोदी रिलायंस इंडस्ट्री के कर्मचारी हैं। मनोज मोदी धीरुभाई अंबानी के जमाने से ही इस कंपनी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ये मनोज मोदी के काम और प्रतिष्ठा का ही असर है कि मुकेश अंबानी ने भी जब रिलायंस की बागडोर संभाली तो मनोज मोदी उनके भी सबसे खास बन गए। यहां तक कहा जाता है कि मनोज मोदी मुकेश अंबानी के राइट हैंड हैं। मुकेश अंबानी अपने कई बड़े फैसले मनोज मोदी की सलाह के बाद ही लेते हैं। मनोज मोदी ने रिलायंस के साथ 1980 में अपना नाता जोड़ा था। तब से ही वे कंपनी के लिए अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हालांकि मनोज मोदी कभी भी सुर्खियों में नहीं रहे। वे पर्दे के पीछे ही अपना काम करते रहे और देखते ही देखते मुकेश अंबानी के सबसे करीबी बन गए। इन दिनों मनोज मोदी की खूब चर्चा हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह है कि मुकेश अंबानी उनकी सेवाओं और उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें बेशकीमती घर उपहार में दिया है। ये घर कितना आलीशान होगा इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसकी कीमत 1500 करोड़ रुपए है।

**क्या है उपहार में दिए घर की खासियत?**

- 22 मंजिला इमारत मुंबई के सबसे पॉश इलाके नेपियन सी रोड पर स्थित
- 1.7 लाख वर्गफुट में फैला है ये घर
- 8000 वर्गफुट में हर इमारत पर एक मंजिल
- 1500 करोड़ रुपए है इस घर की मौजूदा कीमत
- तलाटी एंड पार्टनर्स एलएलपी ने इस घर को डिजाइन किया है
- इस घर का फर्नीचर इटली से इंपोर्ट किया गया है
- ये घर तीन तरफ से समुद्र फेसिंग है

### सुप्रीम कोर्ट में महिला पहलवानों के यौन.....

**पहलवानों की मांग समिति की रिपोर्ट जारी हो :** पहलवानों ने दावा किया कि बृजभूषण शरण सिंह और उनके करीबी सहयोगियों की ओर से कई मौकों पर यौन, भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किए गए हैं. साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया सहित कई दिग्गज पहलवानों ने इस तरह के कृत्य के खिलाफ अपनी आवाज उठाने की हिम्मत जुटाई है. आपको बता दें कि कई राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न पर मांग की हैं कि जांच समिति की उस रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए.

### आतंकवाद में शामिल पड़ोसी के साथ जुड़ना....

अध्यक्ष हैं। इसलिए, बैठक भारत में हो रही है। मुद्दे की बात यह है कि हमारे लिए एक ऐसे पड़ोसी के साथ जुड़ना बहुत मुश्किल है, जो हमारे खिलाफ सीमा पार से आतंकवाद को बढ़ावा देता है। जयशंकर ने कहा, हमने हमेशा कहा है कि उन्हें सीमा पार आतंकवाद को प्रोत्साहित, प्रायोजित और शह नहीं देने की प्रतिबद्धता को पूरा करना होगा। हमें उम्मीद है कि एक दिन हम उस मुकाम पर जरूर पहुंचेंगे। भारत यह कहता रहा है कि वह पाकिस्तान के साथ सामान्य पड़ोसी संबंधों की इच्छा रखता है। हालांकि वह इस बात पर जोर देता है कि इस तरह के जुड़ाव के लिए आतंकवाद और शत्रुता से मुक्त वातावरण बनाने की जिम्मेदारी इस्लामाबाद की है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने 20 अप्रैल को घोषणा की थी कि विदेश मंत्री बिलावल चार-पांच मई को गोवा में होने वाली एससीओ की बैठक में हिस्सा लेंगे।

### आवास नवीनीकरण पर 45 करोड़ खर्च,....

उसके नेताओं की मानसिकता के बारे में भी है। संवाददाता सम्मेलन में पात्रा ने केजरीवाल द्वारा राजनीति में अपने शुरुआती दिनों के दौरान दिए गए भाषणों के अंश सुनाये जिनमें उन्हें बड़े घरानों और सत्ता में बैठे नेताओं को दी जाने वाली अन्य सुविधाओं के खिलाफ बोलते हुए सुना जा सकता था। केजरीवाल को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि उनके पास चार-पांच कमरों का घर है और उन्हें इससे बड़े घर की जरूरत नहीं है। पात्रा ने आप संयोजक से संवाददाता सम्मेलन के माध्यम से सभी सवालों के जवाब देने को कहा। भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एक बयान में कहा कि केजरीवाल के बंगले के 'सौंदर्यीकरण' पर 45 करोड़

## शेष पृष्ठ प्रथम

रुपये ऐसे समय में खर्च किए गए जब दिल्ली कोविड-19 से जूझ रही थी। सचदेवा ने कहा, 'केजरीवाल को अपने उस नैतिक अधिकार के बारे में दिल्ली के लोगों को जवाब देना चाहिए, जिसके तहत उन्होंने अपने बंगले के सौंदर्यीकरण पर लगभग 45 करोड़ रुपये खर्च किए, जब कोविड के दौर में अधिकतर सार्वजनिक विकास कार्य ठप थे।' दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह स्थापित हो गया है कि केजरीवाल एक घर में नहीं बल्कि एक 'शीश महल' में रहते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से 'नैतिक आधार पर' इस्तीफा देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सितंबर, 2020 से दिसंबर, 2021 तक 16 महीने की अवधि में कोविड चरम पर था, जब औद्योगिक गतिविधियां ठप थीं और दिल्ली सरकार का राजस्व आधे से भी कम हो गया था और सरकार ने धन की कमी का हवाला देते हुए विकास परियोजनाओं को रोक दिया था। सचदेवा ने आरोप लगाया, 'उस नाजुक दौर में केजरीवाल ने अपने घर की साजसज्जा पर करीब 45 करोड़ रुपये उड़ाये, जो उनकी संवेदनहीनता का बड़ा सबूत है।' दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आरोप लगाया कि केजरीवाल की सादगी और ईमानदारी बेनकाब हो गई है और उन्हें तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए।

## रतन टाटा ने बढ़ाया भारत का मान, ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा

मुंबई। देश के दिग्गज उद्योगपति और टाटा संस के मालिक रतन टाटा के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने उन्हें सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा है। भारत-ऑस्ट्रेलिया द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके प्रयासों के लिए रतन टाटा को ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया से सम्मानित किया गया है। भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओफारेल ने ट्विटर पर इस समारोह की तस्वीरें शेयर कीं और लिखा कि भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया में भी रतन टाटा का योगदान रहा है। वे एक दिग्गज बिजनेसमैन हैं। भारत के मशहूर उद्योगपति रतन टाटा को ऑस्ट्रेलिया-इंडिया बायलेट्रल रिलेशनशिप, ट्रेड, इन्वेस्टमेंट और परोपकारी कार्यों के लिए ऑस्ट्रेलिया के जनरल डिवीजन में एक मानद अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। इसके 1 महीने बाद ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने उन्हें अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा है।

## टैक्स चोरी के मामले में बीमा कंपनियों को मिला कारण बताओ नोटिस

नई दिल्ली। भारत के टैक्स अधिकारियों ने 2017 से टैक्स चोरी के मामले में बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। तीन सूत्रों ने बताया कि 16 बीमा कंपनियों के करीब 61 करोड़ डॉलर के लंबित भुगतान के मामले की जांच के दौरान यह कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह जांच बीते साल सितंबर में शुरू हुई थी। इस मामले से जुड़े दो सूत्रों ने बताया कि नियामक की प्रस्तावित सीमा से अधिक बिक्री कमीशन देकर बीमा कंपनियों ने विज्ञापन व मार्केटिंग की और फिर टैक्स क्रेडिट का दावा किया था। इस पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। दो सूत्रों ने टैक्स अधिकारियों के अनुमान का हवाला देकर बताया कि भारत में वस्तु एवं सेवा कर (त्रस्ज्ञ) 2017 के बाद लागू होने के बाद से लंबित कर, ब्याज और दंड की राशि 16 बीमा कंपनियों पर करीब 50 अरब रुपये (61 करोड़ डॉलर) की बैठती है। एक सरकारी अधिकारी सहित दो सूत्रों ने भारत के वस्तु एवं सेवा कर खुफिया महानिदेशालय (ष्ठत्तद्ध) अन्य बीमा कंपनियों को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने की प्रक्रिया में है। रॉयटर ने भारत के वित्त मंत्रालय और बजाज अलियांज, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल से इस मामले में प्रतिक्रिया देने का अनुरोध किया था लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। जानकारी देने वाले सूत्रों ने नाम उजागर नहीं करने के लिए कहा था। ये सभी सूत्र मीडिया से बातचीत करने के लिए अधिकृत नहीं हैं। अगर उद्योग नियामक भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) पिछली तारीख से कमीशन पर नया कानून लागू कर देता है तो यह मामला खारिज हो सकता है।

## अमेरिका ने ब्रिटेन की कंपनी पर लगाया 52 हजार करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली। अमेरिका और उत्तर कोरिया की दुश्मनी की बहुत-सी खबरें आपने पढ़ी होंगी. ये दोनों देश एक-दूजे को बिल्कुल नहीं सुहाते. यहां तक कि यदि उनके मित्र देशों में उनकी मर्जी के खिलाफ कोई काम हो जाए तो भी इन्हें बुरा लगता है. अब अमेरिका ने अपने मित्रराष्ट्र ब्रिटेन की एक कंपनी पर इसलिए हजारों करोड़ का जुर्माना ठोक दिया है क्योंकि उसने उत्तर कोरिया को सिगरेट बेची थीं.

अमेरिका ने दुनिया की सबसे बड़ी टोबैको कंपनियों में शामिल ब्रिटिश-अमेरिकन टोबैको कंपनी पर 52 हजार करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है. अमेरिका ने ये कार्रवाई तब की है, जबकि ब्क्ष्ञ के एक सहायक ने तानाशाह किम के देश को सिगरेट बेचने की बात स्वीकार की. खुलासे के मुताबिक, उनकी डील 2007 से 2017 के बीच की गई थी. यूएस डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस ने बताया कि ब्क्ष्ञ ने उत्तर कोरिया के संस्थानों को सिगरेट बेचने के लिए कई वित्तीय घोटाले भी किए थे. रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2007 से 2017 के बीच में ब्क्ष्ञ ने सहायक कंपनियों के जरिए अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए उत्तर कोरिया को करीब 35 हजार करोड़ रुपये के तंबाकू उत्पाद बेचे थे. सिगरेट व तंबाकू उत्पाद बेचने के आरोप में ही अमेरिका ने 52 हजार करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है. वहीं, एक बड़ी बात यह है कि बिक्री में शामिल उत्तर कोरियाई बैंकर सिम ह्योन-सोप, चीनी सहायक किन गुओमिंग और हान लिनलिन के खिलाफ भी क्रिमिनल चार्ज लगाए गए हैं. मगर, वे तीनों आरोपी फरार हैं. आपको बता दें कि उत्तर कोरियाई तानाशाह किम जोंग उन सिगरेट पीने के शौकीन हैं. वर्ष 2019 में ट्रंप के साथ एक समिट के लिए वियतनाम जाते समय किम जोंग ट्रेन में सिगरेट पीते नजर आए थे. उनकी कई तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल हुईं.

पिछले साल मई में अमेरिका ने यूनाइटेड नेशंस की सिक्योरिटी काउंसिल से उत्तर कोरिया को तंबाकू निर्यात करने पर प्रतिबंध लगाने के लिए कहा था. हालांकि, कोरिया के मित्रदेशों चीन और रूस ने इस पर वीटो लगा दिया था. ऐसा बताया जाता है कि तंबाकू के कारोबार से उत्तर कोरियाई सरकार काफी ज्यादा कमाई करती है.

## नेपाल ने फ्लाई दुबई एयरलाईन के 2 प्रबंधकों पर लगाया प्रतिबंध

काठमांडू । नेपाल के नागर विमानन प्राधिकरण ने मंगलवार को फ्लाई दुबई एयरलाइन के दो प्रबंधकों के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में प्रवेश करने पर रोक लगा दी। दोनों पर खाड़ी देश की एयरलाइन के एक विमान से 'पक्षी के टकराने की अफवाह' फैलाने का आरोप है। काठमांडू हवाई अड्डे से सोमवार को 168 लोगों को लेकर उड़ान भरने वाला फ्लाईदुबई का विमान मंगलवार सुबह दुबई में सुरक्षित उतरा। उड़ान भरने के बाद विमान के एक इंजन में खराबी आ गई थी।

फ्लाई दुबई की काठमांडू-दुबई उड़ान में सोमवार रात 9 बजकर 20 मिनट पर उड़ान भरते वक्त दिक्कत आ गई। विमान ने काठमांडू के आकाश में एक चक्कर लगाया और काठमांडू के पश्चिम में स्थित धाडिंग जिले के आकाश में पहुंचा। पायलट ने बाद में काठमांडू हवाई अड्डे पर हवाई यातायात नियंत्रकों को सूचित किया कि समस्या का समाधान हो गया है और विमान अपने गंतव्य दुबई की ओर बढ़ गया। विमान के एक इंजन में खराबी आ गई और विमान के एक हिस्से में आग लग गई।

# हर एक बच्चा अहम, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण से करें जतन : कलेक्टर

## कलेक्टर ने ली महिला एवं बाल विकास विभाग व समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों की बैठक

### विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की संस्थाओं में सुविधा बढ़ाने होंगे उपाय



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग व समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों की बैठक ली एवं बाल संरक्षण तथा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सखी वन स्टॉप सेंटर में रहने वाली महिलाओं की संवेदनशीलता के साथ देखरेख करने एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के प्रयासों पर कार्य करने कहा। इसी प्रकार उन्होंने गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए एनआरसी सेंटर में विशेष निगरानी के साथ उपचार करने कहा। बालक एवं बालिका संप्रेक्षण गृह में रह रहे बच्चों की जानकारी लेकर इन्हें सुधारात्मक प्रयासों से जोड़ने कहा है। कलेक्टर ने कहा कि समाज का हर एक बच्चा अहम है। बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण से उनका कल्याण व जतन करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि बचपन बच्चे का भविष्य गढ़ता है। बचपन में अगर बच्चा अच्छी सेहत और पोषित होकर आगे बढ़ता है, तो वह निश्चित रूप से आगे चलकर स्वस्थ समाज की संरचना को साकार करेगा। उन्होंने समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न संस्थाओं में रह रहे बौद्धिक मंदता, अस्थिबाधित, मूक-बधिर सहित अन्य श्रेणी के दिव्यांग बच्चों की संपूर्ण देखभाल और विशेष निगरानी रखने पर जोर दिया। उन्होंने ऐसे बच्चों की देखभाल करने वाले विभिन्न संस्थाओं के संचालकों से कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की खास देखभाल करें।

समय-समय पर स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर स्वास्थ्य परीक्षण कराएं। बैठक में अभिलाषा केंद्र, आस्था केंद्र, बौद्धिक मंदता केन्द्र के संचालकों ने केंद्र संचालन के लिए कुछ सुविधा विस्तार पर कार्य करने का प्रस्ताव रखा। कलेक्टर ने इन संस्थाओं की आवश्यकता अनुसार सुविधा विस्तार किए जाने पर सहमति दी। इन केंद्रों में पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए नगर निगम के द्वारा टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति करने के लिए कहा। कलेक्टर ने जल के लिए इन संस्थाओं में 5 बोर खनन किए जाने की स्वीकृति दी है।

# बिहान की महिलाएं हड़ताल पर : भाजपाईयों ने बंधाया ढांढस



महिलाओं के हड़ताल से अनेक योजनाएं ठप्प

डोंगरगांव (दावा)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की महिला कार्यकताएँ विगत माह से अपने विभिन्न मांगों को लेकर जनपद कार्यालय परिसर में अनिश्चितकाली धरना प्रदर्शन कर रहे हैं. वहीं इन महिलाओं के हड़ताल को लेकर अब तक न ही किसी अधिकारी ने सुध ली है और ना ही सत्ता पक्ष से किसी जनप्रतिनिधी ने इनकी समस्याओं को जाना है.

इस बीच बुधवार 26 अप्रैल को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता महिलाओं के धरना स्थल पर पहुंचकर उनकी मांगों और समस्याओं के विषय में जानकारी ली. उन्होंने इस दौरान कहा कि आपकी समस्याओं के समाधान के लिए क्षेत्रीय विधायकों को अपनी ओर पहल कर सत्ता सरकार तक बात पहुंचानी चाहिए. इसके बाद भी यदि कोई कार्यवाही नहीं होती है, तो प्रदेश स्तरीय आंदोलन की राह पर चलना चाहिए. वहीं डोंगरगाँव ब्लॉक की अध्यक्ष दीप्ति वैष्णव ने संघ की ओर से कहा कि विगत माह भर से महिला कार्यकर्ता धरने पर हैं और हमारी मांगों के संबंध में किसी ने रूचि नहीं ली है.

पूरे प्रदेश में हमारी संख्या 50 हजार से भी अधिक है और हम सरकार बना सकते हैं तो गिरा भी सकते हैं. यदि मांगों को शीघ्र पूर्ण नहीं किया गया तो प्रदेश स्तरीय उग्र आंदोलन की राह में होंगें. बता दें कि इन महिलाओं में समस्त कैडर पीआरपी, एफएलसीसीआर, आरबीके, बैंक मित्र सक्रीय महिला कृषि मित्र, कृषि सखी, पशु सखी के हड़ताल में चले जाने से सभी ग्रामों के महिला स्व सहायता समूहों को बैंक लिंकेज नहीं होने के कारण महिलाओं को आर्थिक एवं लेनदेन में परेशानी हो रही है.

बैंकों में खाता खुलवाने, बीमा, संगठनों के लेनदेन, नरवा-गरवा-घुरवा-बाड़ी जैसे योजना गौठान संचालन, गोबर खरीदी बिक्री में पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चला है.

# भूरवाटोला में सभी समस्याओं का होगा जल्द ही निराकरण- नवाज



डोंगरगढ़ (दावा)। भुरवाटोला वार्ड नंबर 20 डोंगरगढ़ में मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए मोहल्लेवासियों के द्वारा बैठक आहूत की गई, जिसमें जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान, प्रदेश महिला कांग्रेस की सचिव श्रीमती नलिनी मेश्राम, डोंगरगढ़ नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य पंचायत परिषद की अध्यक्ष मेघा, भुरवाटोला बौद्ध समाज की अध्यक्ष श्रीमती मीना घरडे उक्त सभी की उपस्थिति में वार्डवासियों ने समस्या बताई, जिसमें प्रमुख पानी, सफाई, बाउंड्रीवॉल रेलिंग सहित अनेक समस्या को लेकर नवाज खान को अवगत कराया जिसका स्थल पर ही पेयजल का निराकरण किया गया।

अन्य मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। जिस पर सभी उपस्थित वार्डवसियों ने नवाज खान व श्रीमती नलिनी मेश्राम का तहे दिल से अभिवादन किया गया।

# कलेक्टर ने बोरे बासी दिवस मनाने के लिए तैयारी करने के दिए निर्देश



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिले में छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण होने पर सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रगणक, सुपरवाईजर को बधाई दी। उन्होंने बेरोजगारी भत्ते के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए आवेदन पत्रों का शीघ्र सत्यापन करने के निर्देश दिए। जिले में इस वर्ष प्रयास आवासीय विद्यालय में 2834 बच्चे प्रवेश परीक्षा में भाग लेंगे। कलेक्टर ने विशेष तौर पर श्रम दिवस पर सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को बोरे-बासी खाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अंबागढ़ चौकी विकासखण्ड के ग्राम कौड़ूटोला में संचालित रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में हाथकरघा से संबंधित गतिविधियां को जोड़े। जिससे यहां महिलाओं को प्रशिक्षण तथा रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही रीपा में ब्रिक्स निर्माण कार्य को जल्द से शुरू करने के निर्देश दिए।

वहीं मानपुर विकासखण्ड के सरखेड़ा रीपा केंद्र में गोबर पेंट निर्माण के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की गहन समीक्षा करते हुए प्रसव के दौरान जरूरी इंतजाम के निर्देश दिए। कलेक्टर ने चिटफंड कंपनी के निवेशकों को जिनमें सहारा इंडिया के 1 हजार 285 निवेशकों को 85 लाख 15 हजार 931 रूपए तथा शुभ सांई देवकान के 669 निवेशकों को 16 लाख 1 हजार 489 रूपए की राशि वापस की गई है। उन्होंने चिटफण्ड कंपनी के निवेशकों के लंबित प्रकरणों में शीघ्र सत्यापन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एस जयवर्धन ने उक्त दिशा-निर्देश कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए।

**0 रीपा केंद्र में गोबर पेंट निर्माण के संबंध में ली जानकारी**

**0 चिटफण्ड कंपनी के निवेशकों को 86 लाख 77 हजार 420 रूपए की राशि की गई वापस**

कलेक्टर एस जयवर्धन ने राजीव युवा मितान क्लब के युवाओं को खेलकूद के साथ-साथ जिला प्रशासन के कार्यों में सहभागिता निभाने के निर्देश दिए। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली, पेयजल, साफ-सफाई जैसे जरूरी कार्यों में क्लब के युवाओं को जोडने की बात कही। कलेक्टर ने जन-चौपाल आवेदनों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही मनरेगा की गहन समीक्षा करते हुए लंबित वेतन को जल्द जारी करने के निर्देश दिए। गोधन न्याय योजना को लेकर मिले लक्ष्य को जल्द पूर्ण करने कहा। उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष तौर पर ध्यान देने के लिए कहा। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड की प्रगति पर ध्यान देने की बात कही।

ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की समीक्षा की। वृक्ष संपदा योजना, पोषण बाड़ी में वर्मी कंपोस्ट, पीपीईएस डाटा की एंट्री एवं शासन की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी ग्रामीण पंचायत एवं विकास विभाग हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला डॉ. हेमेन्द्र भूआर्य, एसडीएम मानपुर अमित योगी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# समर कैंप में विद्यार्थी सीखेगें विभिन्न विधाएं




राजनांदगांव (दावा)। प्रशिक्षण मनुष्य को परिपक्व बनाता है, इस प्रगतिशील सोच के साथ शारदा विद्यालय, रिसाली में दिनांक 27 अप्रैल से विद्यार्थियों के चातुर्दिक विकास हेतु ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का प्रारंभ माँ सरस्वती एवं वीर हनुमान की चरण वन्दना तथा आशा और विकास की किरण के प्रतीक गुब्बारों को अनंत नीलिमा को सौंपकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शकुन्तला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा की उपस्थिति थी। उन्होंने एकता के प्रतीक मशाल को प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया।

इस शिविर में विद्यार्थियों को उम्र के अनुसार फुटबॉल, क्रिकेट, चाईनीज़ चेकर, स्नैक एंड लेडर, लागोरी, लूडो, बैडमिंटन, स्केटिंग, बॉलीबॉल, कबड्ड़ी, कराते, आर्ट एंड क्राफ्ट, सात्विक भोजन, गार्डनिंग, थियेटर एंड ड्रामा, ब्यूटी एंड वेलनेश, जुंम्बा, फन विथ सांइस, पॉटरी मेकिंग, मैथ्स मैजिक, डिजिटल वर्ल्ड, व्यक्तित्व विकास, म्यूजिक का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर संजय ओझा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद जीवन का अनिवार्य अंग है। सत्र भर की पढ़ाई के पश्चात् शिक्षण एवं खेल के इस आयोजन से बच्चों में अनुशासन व व्यक्तित्व का विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका मीना शर्मा एवं अनुपमा सिंह ने किया तथा समापन राष्ट्रगान से किया गया। विद्यार्थियों के समुचित विकास को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा कई गतिविधियों के लिए विशेषज्ञ संसाधकों का भी प्रबंध किया गया है।

विद्यार्थियों के संर्वागीण विकास का उद्देश्य लिए शकुंतला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन विपिन ओझा, शारदा विद्यालय, रिसाली से मैनेजर ममता ओझा, विद्यालय प्राचार्या सुतापा सरकार, हेडमिस्ट्रेस पुष्पा सिंह, सीनियर मिस्ट्रेस रेन्जिनी एम.आर., प्रतीक ओझा, वनिता ओझा, गतिविधि प्रभारी पूजा बब्बर एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनका मार्गदर्शन किया।

# पृथ्वी-पर्यावरण संरक्षण सर्व का मौलिक दायित्व - द्विवेदी




राजनांदगांव(दावा)। शा. कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा संस्था प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के प्रमुख संरक्षण में विश्व पृथ्वी दिवस के महत्तम परिप्रेक्ष्य में विशेष अकादमिक व्याख्यान कार्यशाला आयोजित की गई। विभागाध्यक्ष प्रो. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिवर्ष बाईस अप्रैल को मनाये जाने वाले पृथ्वी दिवस के सौद्देश्य पर विचार व्याख्यान देते हुए विषयक छात्राओं को बताया कि चतुर्दिक बढ़ते गहन पर्यावरणीय संकट-भूमंडलीय तापन, जैव विविधता ह्रास, मुख्य पर्या तत्व जल, मिट्टी, वायु के अत्यधिक प्रदूषित होने तथा भारी वन विनाश के कारण नित्य रोज घटती-बढ़ती आपदाए-सूखा, बाढ़, भूकम्प आदि ने पृथ्वी पर मानव सभ्यता और जीवन के अस्तित्व पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। इन सभी पर सार्थक नियंत्रण के लिए विशेष रूप से विद्यार्थियों, प्रबुद्धजनों, पर्यावरण स्वयं सेवकों, व्यवसायियों तथा विशेष स्वयंसेवी संस्थाओं को एकमात्र जीवंत ग्रह हमारी पृथ्वी की संरक्षा हेतु समग्रता से जागरूक कर सार्थक पहल हेतु अभिप्रेरित करना होता है। आगे प्राध्यापक द्विवेदी ने विशेष आह्वान में कहा कि पृथ्वी पर प्रकृति के परम उपहार पर्यावरण तत्व पारिस्थितिक तंत्र जल चक्र, आक्सीजन चक्र, नाइट्रोजन चक्र आदि के संरक्षा एवं संवर्धन केवल और केवल मानव मात्र द्वारा ही संभव है। इसे प्रत्येक मानव को मौलिक दायित्व मानकर सतत् रूप से वृक्षों को और प्रकृति संसाधनों को बचाने, घर-घर, डगर-डगर एवं वन प्रांतर में नित-नवीन, हरियाली-हरितीमा विस्तार करने हेतु विशेष रूप से फलदार, छायादार और सहज रूप से पुष्प-पात प्रदान करने वाले वृक्षों-पौधों का रोपण का कार्य करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। यही पृथ्वी दिवस का सर्व के लिए श्रेष्ठ सार्थक संदेश है। सामयिक विचार व्याख्यान कार्यशाला की समाप्ति पर छात्राओं ने पृथ्वी संरक्षण का परम पुण्यात्म संकल्प लेते हुए पर्यावरण जागरूकता संदेश वाले नारों का उद्घोष किया।

# सर्व ब्राम्हण समाज द्वारा जुनियर बैडमिंटन खिलाड़ी आदित्य पाण्डेय को खेल में उम्दा प्रदर्शन के लिए किया सम्मानित



खुज्जी (दावा)। भगवान परशुराम जयंती महोत्सव समिति द्वारा नगर में परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें 23 अप्रेल को संध्या बेला में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह में समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया।

नगर में समाज के मेरिट में आने वाले बालक/बालिकाओं को सम्मानित किया गया। वहीं नगर व समाज के जूनियार बैडमिंटन खिलाड़ी आदित्य पाण्डेय जो की नगर के आधिवक्ता सतीश पाण्डेय के सुपुत्र एवं नेशनाल बैडमिंटन खिलाड़ी एवं खेल शिक्षक मनीष पाण्डेय के भतीजे को बैडमिंटन खेल के क्षेत्र में अपना उम्दा प्रदर्शन करने व डोंगरगांव नगर एवं सर्व ब्राम्हण समाज का नाम रोशन करने के लिए पूरे समाज की ओर से आयोजन समिति द्वारा मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

यहां यह भी बता दें कि जूनियर खिलाड़ी पाण्डेय जो कि सीजीबीए से रजिस्ट्रेशन प्राप्त खिलाड़ी हैं, जिन्होनें अभी तक सीजीबीए द्वारा आयोजित स्टेट लेवल टूर्नामेंट खेल चुके हैं। वहीं स्कूल गेम्स में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के गेम्स में स्टेट लेवल के लिये चयनित हो चुके हैं। समाज के सभी सदस्यों द्वारा उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं और बधाईयां दी है।

# कलेक्टर ने किया मछली पालन विभाग के कार्यालय परिसर में निर्माणाधीन हेचरी का निरीक्षण

बालोद (दावा)। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम सिवनी स्थित सहायक संचालक मत्स्य पालन विभाग के कार्यालय में पहुंचकर परिसर में निर्माणाधीन हेचरी का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली तथा 15 जून तक हेचरी निर्माण कार्य को अनिवार्य रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि मछली पालन विभाग द्वारा सिवनी स्थित सहायक संचालक मछली पालन विभाग के कार्यालय परिसर में 37 लाख 50 हजार रुपये की लागत से जिले का पहला हेचरी का निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अनुविभागीय अधिकारी एवं मछली पालन विभाग के अधिकारियों से हेचरी निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी भी ली।

# जिला के सभी प्राथमिक शालाओं में मनाया गया पढ़ई तिहार



**० ग्रीष्म अवकाश में अंगना म शिक्षा देकर माता बनेगी प्रथम गुरु**

**0 25 अप्रैल को राजनांदगांव जिले के चारों विकासखंड के सभी 1837 प्राथमिक शालाओं में मनाया गया पढ़ई तिहार**

डोंगरगांव (दावा)। बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देशानुसार 5 से 6 वर्ष के बच्चे जो कक्षा पहली में दाखिला लेने जा रहे हैं। उनकी माताओं को सपोर्ट कार्ड दिया गया। मेला में 9 काउंटर बनाया गया जिसमें बच्चों के शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी, अंक पहचानना जोड़ना घटाना, बच्चों का कोना सामाजिक एवं भावनात्मक विकास का बनाकर सभी माताओं को घर में उपलब्ध संसाधन का उपयोग कर अंगना म शिक्षा देने हेतु प्रशिक्षित किया गया।

### अंगना म शिक्षा कार्यक्रम

गत 2 वर्षों में राज्य में लगभग तीन लाख से अधिक माताएं सक्रिय रूप से जुड़कर बच्चों की शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं ।इन माताओं को और सशक्त करने के लिए एक्टिव मदद कम्युनिटी एएमसी का गठन सभी प्राथमिक शालाओं में किया गया है। जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

### पढ़ई तिहार का उद्देश्य

लाखों बच्चे कक्षा 1 में प्रवेश लेते हैं। घर व आंगनबाड़ी के माहौल से स्कूल में प्रवेश लेना इन बच्चों के लिए एकदम नया अनुभव होता है। इस तिहार का उद्देश्य माता एवं समुदाय की मदद से बच्चों को शाला के लिए तैयार करना है। समुदाय व अभिभावकों को या एहसास व विश्वास दिलाना कि वे बच्चों की शिक्षा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा सकते हैं। खेल खेल में बच्चों को बहुत कुछ सीखा सकते हैं। राज्य, जिला एवं ब्लॉक के अधिकारियों द्वारा इस कार्यक्रम का निरीक्षण कर एवं समुदाय से जुड़कर माताओं को जागरूक किया गया। निश्चित ही पालक, बालक, शिक्षक एवं प्रशासन के सम्मिलित प्रयास बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक डोमन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अमित कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे, एपीसी पेडा गाजी मोहम्मद रफीक अंसारी, एपीसी पी.आर. झाड़े एवं जिला नोडल श्रीमती कमला सिन्हा समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, समस्त विकासखंड स्रोत समन्वयक, समस्त संकुल समन्वयक के समवेत प्रयास से कार्यक्रम पूरा जिला में सफल रहा।

# गुम बालिका को पाकर माता-पिता के चेहरे पर लौटी मुस्कान



परिजनों ने किया केसीजी पुलिस की त्वरित कार्यवाही की सराहना

छुईखदान (दावा)। एसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन में दीगर राज्य से नाबालिक बालिका बरामद करने में सफलता मिली। केसीजी जिले के पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में रिपोर्ट दर्ज होने के महज 05 दिन के भीतर नाबालिक बालिका को मथुरा (उत्तरप्रदेश) से सकुशल बरामद किया गया। बुधवार 19 अप्रैल को प्रार्थीया ने लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि मंगलवार 18 अप्रैल को दोपहर करीब 3.30 बजे इसकी नाबालिक लड़की उम्र 17 वर्ष घर से बिना बताए निकली है, जो शाम तक वापस घर नहीं आयी है।

आसपास रिस्तेदारों में पता करने पर पता नहीं चला है। संदेह है कि नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला फुसलाकर कही ले गया है, कि प्रार्थीया की रिपोर्ट पर थाना छुईखदान में अपराध क्रमांक 117/2023 धारा-363 भादंस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के संबंध में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले (रापुसे) के द्वारा मामला नाबालिक बालिका से संबंधित संवेदनशील होने से मामले की गंभीरता को देखते हुए अपहत नाबालिक बालिका की त्वरित पता तलाश कर बालिका को बरामद करने दिशा निर्देश दिया गया। जिस पर विवेचना दौरान अपहत बालिका के माता-पिता एवं सहेलियों से बारीकी से पूछताछ किया गया तथा तकनीकी साधन का उपयोग करते हुए पता तलाश किया गया।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के द्वारा तत्काल टीम बनाकर अवयस्क बालिका की पता तलाश हेतु दीगर राज्य उत्तरप्रदेश मथुरा भेजने थाना प्रभारी छुईखदान निरीक्षक जितेन्द्र बंजारे को निर्देश दिया गया। जिस पर थाना छुईखदान से तत्काल टीम बनाकर मथुरा (उत्तर प्रदेश) रवाना किया गया। पुलिस टीम के द्वारा दीगर राज्य के पुलिस से सामंजस्य बनाकर सोमवार 24 अप्रैल को मामले की नाबालिक बालिका को मथुरा से सकुशल बरामद कर लाकर उसके माता-पिता को सौपा गया। बालिका के परिजनों के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने के महज 05 दिन के भीतर अपनी बेटी को सकुशल पास पाकर जिला केसीजी पुलिस की त्वरित कार्यवाही की प्रशंसा करते हुए पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद ज्ञापित किये।

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी छुईखदान निरीक्षक जितेन्द्र बंजारे, सउनि सुरेश वर्मा, आरक्षक कुलेश्वर साहू, महिला आरक्षक झमित ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा।

# जिले में अब होगी गन्ने की खेती, माह भर चलेगा कृषक चौपाल

राजनांदगांव(दावा)। अविभाजित राजनांदगांव जिले में अब होगी गन्ने की खेती। इसके लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान ने किसानों के साथ मे प्रेस क्लब में बुधवार को प्रेसवार्ता ली। बताया गया कि पिछले 1 साल से कवर्धा क्षेत्र में किसानों से गन्ने की खेती की बारिकियां ली गई, ताकि राजनांदगांव जिले में भी गन्ने की खेती के लिए विकल्प तैयार हो सके। साल भर के निरंतर प्रयास के बाद अब अविभाजित राजनांदगांव जिले में होगी। इस विषय को लेकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में गुरुवार को बैठक रखी गई है।



प्रेस क्लब में किया गया प्रचार-प्रसार पोस्टर का लांच

### किसानों का होगा फायदा

1 महीने तक अविभाजित राजनांदगांव जिले में कृषक चौपाल होगी, जो धान सोसायटी में होगा। इस चौपाल में किसानों के लिए पानी, चाय, नाश्ता वगैरह की सुविधाएं रखी गई है। इसके अलावा राज्य सरकार की किसानों के लिए दी जाने वाली सुविधाओं को भी बताया जाएगा। इस कृषक चौपाल के लिए कांग्रेस के ग्रामीण नेताओं के अलावा किसानों को रखा गया है। धान के बाद अब किसानों को गन्ने की फसल से भी अधिक लाभ होगा।

### मिल सकती है सौगात

श्री खान ने आगे बताया कि उत्पादन अच्छा हुआ तो आने वाले समय में गुड़ की फैक्ट्री राजनांदगांव जिले में लगाई जाएगी, साथ ही शुगर फैक्ट्री लगाने पर भी विचार किया जाएगा। गन्ने का उत्पादन अच्छा होने के बाद दूसरे राज्य से व्यापारी खरीदी करने आएंगे जिससे रोजगार मिलेगा। कवर्धा क्षेत्र में दो शुगर फैक्ट्री है इसके अलावा 400 से अधिक गुड फैक्ट्री मौजूद है। स्थिति अच्छी रही तो आने वाले समय में राज्य सरकार से बात करके राजनांदगांव जिले में शुगर फैक्ट्री लगाने की मांग की जाएगी।

### सभी वर्गो का होगा नफा

अविभाजित राजनांदगांव जिले में गन्ने की फसल का उत्पादन अच्छा हुआ तो निश्चित तौर पर किसान वर्ग के अलावा सभी को फायदा होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि फैक्ट्रियों खुलने के बाद लोगों के हाथों में काम होगा। राजनांदगांव कवर्धा की तरह गन्ने की फसल के लिए पहचाना जाएगा। पत्रकारवार्ता में गोवर्धन देशमुख, रमेश खंडेलवाल, अंगेश्वर देशमुख, मदन साहू, रवि साहू आदि उपस्थित थे।

# कुर्सी बचाने नगर पंचायत अध्यक्ष दे रही प्रलोभन, पार्षदों ने लगाया आरोप

छुरिया (दावा)। नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ11 पार्षदों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाने के बाद अब अपनी कुर्सी बचाने नगर पंचायत अध्यक्ष पर पार्षदों को अपने पक्ष में मतदान करने प्रलोभन देने का आरोप पार्षदों ने लगाया है।

स्थानीय रेस्ट हाऊस में कांग्रेस के वरिष्ठ पार्षद राधेश्याम ठाकुर, आप पार्टी के पार्षद सलमान खान, भाजपा से निष्कासित पार्षद श्रीमती सीमा सिन्हा, श्रीमती भारती रजक, श्रीमती त्रिवेणी कुंभकार, भूषण नेताम ने प्रेस वार्ता लेकर अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए कहा कि जब से 11 पार्षदों ने नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी सिन्हा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया है, तब से उन्हें प्रलोभन के साथ-साथ किसी मामले में फंसा देने की लगातार धमकी दी जा रही है एवं पार्षदों के घरों में पहुंचकर उन्हें रात भर परेशान किया जा रहा है। यहां तक कि कांग्रेस के एक पार्षद को पांच लाख रूपये, एक और पार्षद को तीन लाख रूपये का ऑफर भी दिया गया है। उनकी इन हरकतों से सभी 11 पार्षद डरे एवं सहमे हुए हैं। प्रेस वार्ता में न.पं. उपाध्यक्ष मनोज यादव एवं कांग्रेस पार्षद मुकेश कुंजाम के उपस्थित नहीं होने पर कांग्रेस पार्षद राधेश्याम ठाकुर ने कहा कि उनके ऊपर बार-बार दबाव बनाया जा रहा है, फोन से लगातार धमकी दी जा रही है, इसी वजह से उन्हें रणनीति के तहत बाहर भेजा गया है।



प्रेस वार्ता में पार्षदों ने बतायी अपनी पीड़ा

### सरकार की छवि हो रही खराब

प्रेस वार्ता में कांग्रेस नगर पंचायत अध्यक्ष पर कांग्रेस पार्षद राधेश्याम ठाकुर ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर में भ्रष्टाचार का बोलबाला है, चाहे राशन घोटाला हो या दुकान आबंटन का मामला, सीसी सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार, नगर में विकास कार्य नगण्य है, जैसे कई मामले हैं जिससे सरकार की छवि खराब हो रही थी। इसको लेकर हम कांग्रेस के तीन पार्षदों ने ब्लाक कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी को कई बार अवगत कराया है, लेकिन हमारी नहीं सुनी गई। इसलिए हम सभी पार्षद एकजुट होकर नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए हैं।

### कलेक्टर से मिले पार्षद

प्रेस वार्ता के बाद नगर पंचायत के पार्षद सलमान खान, भूषण नेताम, सीमा सिन्हा ने राजनांदगांव पहुंचकर जिला कलेक्टर डोमन सिंह से मिलकर अविश्वास प्रस्ताव लाने के बाद भी नगर पंचायत अध्यक्ष के द्वारा पीआईसी की बैठक नियम विरूद्ध किया जा रहा है जिसकी शिकायत भी दर्ज करायी गयी एवं जल्द ही अविश्वास प्रस्ताव की तारीख तय करने की मांग की गई।

### मेरे खिलाफ राजनीति षड्यंत्र हो रहा है



मेरे खिलाफ राजनीति षड्यंत्र किया जा रहा है। मेरी छवि को खराब को खराब करने षड्यंत्र रचा गया है। पार्षद सिर्फ एक मोहरा है। मेरे ऊपर लगाये आरोप पूरी तरह से गलत है। एक तरफ से वो बोल रहे हैं, नगर में कुछ विकास कार्य नहीं हुआ है, वहीं दूसरी ओर बोल रहे बहुत सारे काम चल रहे है, उसमें भ्रष्टाचार हो रहा है। नगर पंचायत में जितने पार्षद हैं वो मेरा परिवार है। कांग्रेस से नाराज पार्षदों को एक बार संगठन द्वारा बुलाया गया था। संगठन आगे क्या करेगी, यह संगठन का विषय है। मेरे लिए संगठन सर्वोपरी है, मैं भी कांग्रेस पार्टी से दो बार अध्यक्ष बनीं हूं।

*- राजकुमारी सिन्हा अध्यक्ष, नगर पंचायत छुरिया*

# आज हजारों युवाओं के साथ रोजगार कार्यालय घेरेगी भाजयुमो



बेरोजगारी भत्ते के नियमों को भाजयुमो ने बताया सरकारी षड़यंत्र

राजनांदगांव(दावा)। प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के आह्वान पर जिला भाजयुमो आज रोजगार कार्यालय का घेराव करेगी। इस प्रदर्शन में जिला सहित मंडल पदाधिकारी और युवा शामिल होंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में आंदोलन की शुरुआत जिला मुख्यालय में महावीर चौक में सुबह 12 बजे होगी। जिला भाजयुमो ने कार्यक्रम की तैयारियां कर ली हैं।

जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि प्रदेश के युवाओं के साथ कांग्रेस ने धोखेबाजी की है। चुनाव के घोषणा पत्र में कांग्रेस ने सभी शिक्षित बेरोजगारों को 25 सौ रुपए का मासिक भत्ता देने की घोषणा की थी। सत्ता में आने के बाद चार वर्षों तक वे युवाओं से मुंह फेरे रहे। न रोजगार दिया और न बेरोजगारी भत्ता। उन्होंने कहा कि भाजयुमो ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में राजधानी में इसके लिए आंदोलन किया तो युवा शक्ति देखकर थरथरा उठी सरकार ने अप्रैल 2023 से बेरोजगारी भत्ता देने का ऐलान किया। लेकिन इसमें उन्होंने ऐसी शर्तें जोड़ दी कि बेरोजगारों के भी आवेदनों को सरकार अपात्र बताकर कूड़े के कचरे में डालकर उनका अपमान कर रही है।

जिला भाजयुमो के मुताबिक अपात्र बताकर जिन युवाओं को बेरोजगारी भत्ते से वंचित करने का षड़यंत्र कांग्रेस सरकार ने रचा है उसके खिलाफ भाजयुमो यह आंदोलन कर रहा है। इसके साथ ही प्रत्येक युवा के 4 सालों के बेरोजगारी भत्ते की मांग भी की जा रही है। युवाओं से की जा रही धोखेबाजी के खिलाफ भाजयुमो बिगुल फूंकते हुए उनके हित की लड़ाई लड़ेगी। गुरुवार के इस विरोध प्रदर्शन की शुरुआत भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के उद्बोधन के साथ होगी। जिसके बाद कार्यक्रम स्थल महावीर चौक से रोजगार कार्यालय की ओर नेता कूच करेंगे। प्रदर्शन में जिला भाजयुमो व 10 मंडल क्रमशः राजनांदगांव शहर दक्षिण, शहर उत्तर, राजनांदगांव ग्रामीण, कुमर्दा, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ ग्रामीण, डोंगरगढ़ शहर, घुमका, छुरिया, एलबी नगर सहित जिला भाजयुमो खैरागढ़ के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। इस दौरान प्रदेश युवा मोर्चा पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

# शहीद हुए डीआरजी के जवानों को पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने दी श्रद्धांजलि



कांग्रेस की भूपेश सरकार की नीतियों पर भी उठाये प्रश्न, कहा भूपेश बघेल के पास लड़ने की कोई नीति नहीं

रायपुर (दावा)। आज दंतेवाड़ा के अरनपुर में नक्सलियों द्वारा किये गये आईईडी ब्लास्ट को कायराना हरकत बताते हुए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने ट्वीट करते हुए लिखा कि दंतेवाड़ा के अरनपुर में पुलिस वाहन पर हमला करके नक्सलियों ने कायरता दिखाई है, इस हमले में शहीद हुए हमारे डीआरजी के 11 वीर जवानों की शहादत को नमन करते हुए मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्माओं को श्रीचरणों में स्थान और शोकाकुल परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नीतियों पर कहा कि 'फिर 11 घरों में मातम पसर गया, फिर भूपेश बघेल सिर्फ दुःख व्यक्त करते रह गये। आखिर कब तक छग के बेटे ऐसे नक्सली हमलों का शिकार होते रहेंगे, यह कागज के शेर दाऊ भूपेश बघेल मंचों पर ही आक्रामक हो सकते हैं, जहाँ मैदान में लड़ाई लड़नी होती है, वहां न तो इनके पास नीति है और न नेतृत्व है।

# खाद्यान्न नहीं मिलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने घेरा एसडीएम कार्यालय



डोंगरगांव (दावा)। विकासखंड छुरिया के ग्राम पंचायत चारभांठा(कु.) के आश्रित ग्राम मोतीपुर में ग्रामीणों को सोसायटी से खाद्यान्न का वितरण नहीं मिल पा रहा है. इस मामले को लेकर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एसडीएम कार्यालय शिकायत करने पहुंचे थे, जहाँ उन्होंने बताया कि गांव में अन्नू स्व सहायता समूह चारभांठा के द्वारा ग्राम सोसायटी का संचालन किया जा रहा है. वहीं सरकार के आदेशानुसार अप्रैल व मई माह का चांवल एक साथ दिया जाना था किन्तु मोतीपुर के कुछ ग्रामीणों को छोड़कर अधिकतर ग्रामीणों को खाद्यान्न का आबंटन ही नहीं किया गया. वहीं ग्रामीणों ने बताया कि माह खत्म होने को है और अबतक चांवल नहीं मिल पाया है. सोसायटी में इस विषय में पता करने पर सोसायटी संचालक व्दारा चांवल का स्टॉक खत्म होना बताया जाता है. इधर एसडीएम से ग्रामीणों ने गुहार लगाया कि उनके घरों में राशन खत्म हो गए हैं और माह समाप्त होने वाला है ऐसे में चांवल नहीं मिला तो विकट समस्या उत्पन्न हो जायेगी. इस विषय में एसडीएम सुनील नायक ने चलते-चलते एक लाईन में कहा कि शाम तक ग्रामीणों को चांवल मिलना शुरू हो जायेगा. वहीं उपस्थित कविता ठाकुर, फुड इंस्पेक्टर छुरिया ने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत मिली है जल्द ही उन्हे खाद्यान्न का वितरण किया जायेगा. वहीं सोसायटी संचालक के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर फूड इंस्पेक्टर और अधिकारियों ने पल्ला झाड़ लिया.

# पुलिस ने चलाया बैंक चेकिंग अभियान



राजनांदगांव(दावा)। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन में एएसपी लखन पटले द्वारा जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने अपने थाना क्षेत्रों के बैंकों व एटीएम की चेक करने हेतु निर्देशित कियाग गया है।

इसके तहत थाना कोतवाली बसंतपुर, डोंगरगढ़, घुमका, गैंदाटोला, थाना चिखली, तुमड़ीबोड, सुरगी, मोहारा, चिचोला के प्रभारियों द्वारा दलबल के साथ बैंकों व आसपास के बैंकों के अंदर आंतरिक एवं एटीएम को चेक किया गया। बैंकों की सुरक्षा के लिए लगाए गये उपकरण सीसीटीवी कैमरे सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, डबल लाक की स्थिति, लाकर और सुरक्षा अलार्म आदि को बारीकी से चेक किया गया। चेकिंग के दौरान बैंक प्रबंधक को सीसीटीवी कैमरा एवं अलार्म सिस्टम को दुरूस्त रखने हेतु कहा गया। साथ ही बैंक परिसर के अन्दर एवं बाहर उपस्थित संदिग्ध व्यक्तियों की पुलिस चेकिंग की गई।

# पूजा-पाठ का ढोंग रचने वाले आरोपी ने किया नाबालिग से रेप

राजनांदगांव(दावा)। शहर के शिक्षक नगर चिखली निवासी पूजा-पाठ का ढोंग रचने वाले 50 वर्षीय व्यक्ति ने एक नाबालिग के साथ बलात्कार जैसी गंभीर घटना को अंजाम दिया। पीड़िता नाबालिग द्वारा अपनी मां को घटना के संबंध में बताए जाने उपरांत पुलिस को लिखित आवेदन दिए जाने पर आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है।



पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल की सीखचों के पीछे

घटना नवम्बर माह 2020 की बताई जाती है। रेप पीड़िता की मां प्रार्थिया द्वारा कोतवाली थाने में दी गई लिखित शिकायत के अनुसार उनके घर की आर्थिक हालत ठीक नहीं होने पर उनके चचेरे देवर के माध्यम से वर्ष 2017 में शिक्षक नगर (चिखली) निवासी पूजा-पाठ करने वाले चन्द्रकुमार पिता हरिशचन्द्र गजभिए को उसके घर लाया गया। प्रार्थिया उस समय लखोली में रहा करती थी। आरोपी चन्द्रकुमार गजभिए के बातों में आकर उनसे पूजा पाठ करवाने लगे इससे उनकी जान-पहचान भी ठीक-ठाक हो गई। जब वे सन् 2018 में गायत्री स्कूल के समीप पटेल कालनी में किराए के मकान में रहने चले गये तब भी वहां पूजा-पाठ के नाम पर चन्द्रकुमार गजभिए का आना-जाना लगा रहा। इससे उनके साथ एक घरेलु संबंध हो गया। प्रार्थिया द्वारा बताया गया कि चन्द्रकुमार गजभिए पूजा-पाठ के नाम पर इतना खर्च आएगा कहकर उन आर्थिक बोझ डाला जाता था और वे खर्च करते थे।

प्रार्थियां ने बताया कि चन्द्रकुमार 4-8 दिन रहकर उनके घर रहकर पूजा-पाठ करवाते थे। इस पूजा-पाठ के ढोंगी को वे गुरूदेव कहकर संबोधित करते थे। जब प्रार्थियां का परिवार पटेल कालोनी में रहा करता था। नवम्बर माह 2020 के उक्त दिन जब प्रार्थियां का पति काम पर गया था व प्रार्थिया मार्केट गई थी। इस दौरान चन्द्रकुमार गजभिए आया व शाम के 4-5 बजे के समय नाबालिग घर में अकेली थी, जिसे वह जबरन कमरे में ले जाकर गलत काम किया। प्रार्थियां की रिपोर्ट पर आरोपी चन्द्रकुमार पर धारा 376 (2) एन व 4-8 पाक्सो एक्ट कायम कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# 39 विधानसभा क्षेत्र में एलडीएम फार्मूले पर हो रही नियुक्ति

- लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन का शंखनाद - राजेश गुप्ता
- क्षेत्रीय विधायक भुनेश्वर बघेल की गरिमामय मौजूदगी रही



डोंगरगढ़ (दावा)। एलडीएम के कार्य प्रणाली को लेकर विधानसभा समन्वयक नियुक्त किए गए राजेश चंपू गुप्ता के द्वारा डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के संगठन प्रमुखो व विधायक भुनेश्वर बघेल की उपस्थिति में प्रेस वार्ता लेकर संगठन की गतिविधियों से संबंधित जानकारी प्रदान की गई. नवनियुक्त समन्वयक चंपू गुप्ता ने बताया की राष्ट्रीय प्रभारी के.राजू के निर्देश पर प्रत्येक विधानसभा में यह नियुक्ति की जा रही है. इसमें नियुक्त हुए एलडीएम के समन्वयक जमीनी स्तर के विभिन्न जातियों के बीच पहुंचकर ऐसे कार्यकर्ताओं को जोड़ने की कोशिश करेंगे जो लगातार पार्टी के हर कामों में शरीक होकर निजी स्वार्थ को भूल कर अंतिम पंक्ति में रहकर भी पार्टी व समाज को मजबूत करने का काम करते हैं. श्री गुप्ता ने आगे कहा कि, ऐसे कर्मठ कार्यकर्ताओं को सामने लाने का प्रयास इस पहल के द्वारा किया जा रहा है, जो आने वाले विधानसभा चुनाव में बड़ी सफलता पाने में सहायक होगा. एलडीएम के अंतर्गत आने वाले कार्यकर्ताओं का समय-समय पर प्रशिक्षण के माध्यम से इसके उद्देश्य व कार्यों के विभिन्न आयामों के बारे में बताया जाएगा। जिससे की ब्लॉक स्तर से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को मजबूत किया जा सके.इस मिशन के तहत तीन चरण में ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण शिविर किया जायेगा. जिसमें सामाजिक मूल्यांकन, राजनैतिक मूल्यांकन, चुनावी आंकलन, डिजीटल सदस्यता स्थिति, संगठन की पूर्वता, एसटीएससी ओबीसी कार्यकर्ता को सक्रिय करना, नई पीढ़ी को उभारकर तैयार करना, नेतृत्व विकास करना और मंडल व ग्राम कोआर्डिकेटर का चयन करना मुख्य बिंदु है. जिस पर प्रशिक्षित कर कार्यकर्ताओं को कांग्रेस पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी जाएगी. प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से विधायक भुनेश्वर बघेल, पंकज बांधव, राजेश चंपू गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, शहर ब्लॉक अध्यक्ष संजीव गोमास्ता, अनिल मेश्राम, शिशुपाल भारती, संजय यादव, संजय श्रीवास्तव के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे. बैठक ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष महिला पदाधिकारियों ने भी अपनी बात रखी। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसजन की मौजूदगी रही।

# तहसीलदार के विरोध में कोटवारों ने जमकर लगाए नारे

डोंगरगांव (दावा)। कोटवार संघ जिला इकाई राजनांदगांव व्दारा डोंगरगांव तहसील कार्यालय के सामने जिले भर के कोटवारों ने दो दिनों तक धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार कोमल ध्रुव के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कोटवार की नियुक्ति को निरस्त करने की मांग की है. ज्ञात हो कि जिला कोटवार संघ के सैकड़ों कोटवारों ने 25 व 26 अप्रैल को सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर आक्रोश व्यक्त किया.




मामला करेठी कोटवार की नियुक्ति का

संघ के प्रवक्ता दीपक सहारे ने बताया कि ग्राम करेठी में कोटवार परिवार के सदस्य को कोटवार की नियुक्ति नहीं देने के विरोध में यह धरना प्रदर्शन किया जा रहा है. 25 अप्रैल मंगलवार को तहसील परिसर के सामने बड़ी संख्या में कोटवार परिवार के लोग सम्मिलित हुए वहीं दूसरे दिवस 26 अप्रैल बुधवार को धरना स्थल से रैली के रूप में नगर भ्रमण करते हुए तहसीलदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए गंभीर आरोप लगाए. वहीं तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार की अनुपस्थिति में तहसील के जिम्मेदार कर्मचारी को राजस्व मंत्री, राजस्व सचिव, संभाग आयुक्त, कलेक्टर व एसडीएम के नाम से ज्ञापन सौंपा है. इस दौरान श्री सहारे ने संघ की ओर से बताया कि ग्राम करेठी में हुए नियुक्ति को निरस्त किया जाना चाहिए. इसमें कोटवार परिवार की नियुक्ति न होकर किसी अन्य को कोटवार को नियुक्ति देना कोटवार परिवार के साथ पूर्णतः अन्याय है. वहीं उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यह नियुक्ति रिश्वत के दम पर हुई है इसलिए निरस्त किया जाना आवश्यक है. वहीं उन्होंने बताया कि यह नियुक्ति 15 मई तक निरस्त नहीं की जाती है तो जिला कोटवार संघ सहित संभाग के अन्य कोटवार भी सम्मिलित होकर डोंगरगांव श्री रामव्दार के समीप चक्काजाम करेंगें और छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता की कॉपी जलाई जायेगी.

> कोटवार संघ का ज्ञापन मिला है, जो नियुक्ति हुए है वह न्यायालयीन प्रक्रिया के अनुसार तहसील कोर्ट से की गई है. इसके पूर्व भी इस मामले में कमिश्नर तक केस चला था जिसे निरस्त किया गया था, जिसके बाद पुनः आवेदन लेकर तहसील व्दारा नियुक्ति की गई है, पक्षकार यदि संतुष्ट नहीं हैं तो वे उच्च कार्यालय में अपील कर सकते हैं।
>
> **- कोमल ध्रुव तहसीलदार डोंगरगांव**

### जिला न्यायालय के प्यून दीपक की मौत



राजनांदगांव(दावा)। जिला न्यायालय ने में प्यून का काम करने वाले दीपक कुमार यादव (40 वर्ष) की मौत हो गई। बताया जाता है कि वह बुधवार को अपने कार्य के दौरान सीढ़ी से गिर कर जख्मी हो गया। उसे मनोज कुमार फुले द्वारा मेडिकल कालेज हास्पिटल पेंड्री ले जाया गया। जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि गिरने के दौरान उसे हार्ट अटैक आने से उसकी मौत हो गई। मेडिकल कालेज हास्पिटल-पेंड्री पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार उसे मृत अवस्था में यहां लाया गया था। न्यायालय ने कार्यरत दीपक कुमार यादव पिता बलिराम यादव उम्र 40 वर्ष का 26 मार्च बुधवार को 12:5 बजे पोस्टमार्टम किया जाकर शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com